कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 295, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 21 नवंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### नर्मदा डैम प्रोजक्ट को रोकने वाले कांग्रेस नेता के साथ पदयात्रा कर रहे, बांध नहीं बनता तो क्या होता

## सुशासन से गुजरात नई ऊंचाई पर पहुंचा: मोदी



**गांधीनगर:** गुजरात विधानसभा चुनाव में जीत का पताका फहराने के लिए भाजपा कोई कसर नहीं छोड़ रही है। चुनाव में जीत के लिए भाजपा ने अपना प्रचार अभियान और तेज कर दिया है। इसी सिलसिले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी गुजरात में लगातार रैलियां कर रहे हैं। पीएम मोदी ने रविवार को गुजरात के सौराष्ट्र इलाके में जनसभाएं की। इस दौरान उन्होंने जहां भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाई, साथ ही विरोधी दलों पर निशाना भी साधा। वेरालवल, धोराजी और अमरेली में हुई उनकी जनसभाओं की बड़ी बातें आपको बताते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि लोकतंत्र के पर्व में एक-एक वोट का महत्व है। जनता इस बार मतदाना का रिकॉर्ड तोड़ें। मोदी ने आगे कहा कि सुशासन से गुजरात नई ऊंचाई पर पहुंचा। इस बार जनता को मतदान का रिकॉर्ड तोड़ना है। मोदी ने कहा कि मैं चाहता हूं कि नरेंद्र के रिकॉर्ड मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल तोड़ें। मोदी ने कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत तय है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा वोट और ज्यादा से ज्यादा पोलिंग बूथ जीतना मकसद है। पीएम ने कहा कि, पहले लोगों को पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं थीं। आज तमाम योजनाओं से दूर-दराज के गांव तक पानी पहुंचा है। पहले महिलाओं को पानी लाने के लिए दूर-दूर जाना पड़ता था, लेकिन हमने नल जल योजना के माध्यम से घर-घर पानी पहुंचाया है। आज उज्ज्वला योजना के माध्यम से महिलाओं का जीवन बदल गया है। कांग्रेस के एक नेता ने ऐसी महिला के साथ पदयात्रा की, जिनके कारण कई सालों तक नर्मदा बांध परियोजना ठप रही। मोदी ने कहा कि कच्छ और काठियावाड़ की प्यास बुझाने के लिए नर्मदा परियोजना ही एकमात्र समाधान था। आपने कल देखा होगा कि कैसे एक कांग्रेस नेता एक महिला के साथ पदयात्रा कर रहे थे। वो महिला नर्मदा विरोधी कार्यकर्ता थी। वह और अन्य लोगों ने कानूनी अड़चनें पैदा करके परियोजना को तीन दशकों तक रोके रखा था।

**गुजरात विकसित और समृद्ध बनाना है:** मोदी भाजपा का एक ही लक्ष्य है कि हमारा गुजरात विकसित और समृद्ध बने। हमारे दो दशकों के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है कि भाजपा को लोगों का अपार आशीर्वाद मिल रहा है।

**'आज गुजरात नई ऊंचाईयों पर पहुंच रहा':** गुजराती पानी के धनी होते हैं, हमने पानी के उपाय किए। पानी का मुद्दा वर्षों तक राजनीतिक विवाद में रहा। पहले पानी के लिए पहले काफी मशक्कत करनी पड़ती थी। हमने पानी के लिए पूरे गुजरात में अभियान चलाया। सौराष्ट्र में डेढ़ लाख चेक डैम बनाए गए हैं।



### 'गुजरात को बदनाम करने के लिए वाले एक्टिव'

**पीएम** मोदी ने शनिवार को कहा कि देश में गुजरात और गुजरातियों को बदनाम करने के लिए गिरोह एक्टिव हो रहे हैं। हमें इससे सावधान रहने की जरूरत हैं। गुजराती जहां भी गए, वे दूध में शक्कर की तरह घुल गए। जो भी गुजरात में आता है हम उसे गले से लगा लेते हैं, लेकिन हम उन लोगों को कतई स्वीकार नहीं कर सकते, जो गुजरात को रिवर्स गियर में डालने की कोशिश कर रहे हैं। गुजरात को बदनाम करने वाले तत्वों का यहां में कोई स्थान नहीं है।

## सूर्या के तूफानी शतक से जीता भारत

### न्यूजीलैंड को 65 रन से हराकर सीरीज में ली 1-बढ़त



**माउंट माउंगानुई:** भारत ने 3 मैचों की सीरीज के दूसरे मैच में न्यूजीलैंड को 65 रन से हरा दिया है। न्यूजीलैंड के सामने जीत के लिए 192 रन का लक्ष्य था लेकिन पूरी टीम केवल 126 रन ही बना पाई। न्यूजीलैंड की तरफ से कप्तान केन विलियमसन ने सर्वाधिक 61 रन की पारी खेली।

उनके अलावा कोई भी बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सका। भारत की तरफ से सर्वाधिक 4 विकेट दीपक हुड्डा ने लिए, इसके अलावा युजवेंद्र चहल और मोहम्मद सिराज ने 2-2 विकेट हासिल किए। इस जीत के साथ ही भारत ने 3 मैच की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है।

**न्यूजीलैंड की पारी, विलियमसन का अर्धशतक:** 192 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की तरफ से कप्तान केन विलियमसन को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज ज्यादा देर तक टिक नहीं सका। उन्होंने 61 रन की पारी खेली। विलियमसन के अलावा डेवॉन कॉनवे ने 25 रन की पारी खेली।

**भारत की पारी, सूर्या का तूफानी शतक:** टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने न्यूजीलैंड के सामने सूर्यकुमार यादव की धमाकेदार 111 रन की पारी के दम पर 191 रन बनाए।

### भारत में मंदी की कोई संभावना नहीं: आरबीआई

**नई दिल्ली: आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास** ने कहा कि महंगाई को कम करने के लिए दुनिया के बड़े केंद्रीय बैंकों की ओर से ब्याज दर में इजाफा किया गया है, जिसके कारण हार्ड लैंडिंग (आर्थिक गतिविधियों में कमी या लोन देने के लिए राशि की कम उपलब्धता) ने मंदी के खतरे को बढ़ा दिया है, हालांकि भारत की स्थिति काफी अलग है और मंदी की संभावना नहीं है। महंगाई पर बोलते हुए गवर्नर ने कहा कि विकसित अर्थव्यस्थाओं में महंगाई अस्थाई होने की बजाय बनी रही है।

## श्रद्धा मर्डर: सिर तलाश रही दिल्ली पुलिस



**नई दिल्ली:** श्रद्धा मर्डर केस में रोज नए खुलासे सामने आ रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दिल्ली पुलिस को आफताब ने बताया है कि उसने श्रद्धा का सिर दिल्ली के एक तालाब में फेंका है। इसके बाद दिल्ली पुलिस रविवार शाम छतरपुर जिले के मैदान गढ़ी पहुंची और यहां मौजूद एक तालाब खाली करा रही है। गोताखोरों को भी बुलाया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस कुछ देर पहले आफताब को यहां लेकर आई थी। उसने कबूल किया है कि श्रद्धा के सिर को इसी तालाब में फेंका था। मर्डर वेपन भी गायब है। इधर, पुलिस ने छतरपुर जिले के महरौली जंगल से अब तक 17 हड्डियां बरामद की हैं, उन्हें जांच के लिए भेजा जाएगा। वहीं, सोमवार को आफताब का नार्को टेस्ट भी हो सकता है। पुलिस ने इसके लिए 40 सवालों की लिस्ट तैयार की है। इससे पहले दिल्ली पुलिस श्रद्धा की हत्या के सीन रिक्रिएट करने के लिए रविवार सुबह आफताब के घर पहुंची है।

**पुलिस के हाथ 18 अक्टूबर का सीसीटीवी फुटेज लगा:** इससे पहले शनिवार को दिल्ली पुलिस के हाथ 18 अक्टूबर का सीसीटीवी फुटेज लगा है।

इसमें सुबह चार बजे आफताब बैग ले जाते हुए देखा गया। पुलिस को शक है कि वह श्रद्धा के बॉडी के टुकड़ों को फेंकने गया था। इसके अलावा दिल्ली पुलिस ने महरौली वाले फ्लैट से सारे कपड़ों को जब्त कर लिया है। इनमें श्रद्धा के कपड़े भी शामिल हैं। श्रद्धा के पिता ने दावा किया है कि वह वसई में आफताब के घर गए थे, लेकिन उसके परिवार ने बेइज्जत कर वहां से भगा दिया और दोबारा नहीं आने की चेतावनी दी।

## जीपीएआई की भी अध्यक्षता करेगा भारत

**नई दिल्ली:** भारत द्वारा दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के संगठन जी-20 की अध्यक्षता संभालने बाद, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर ग्लोबल पार्टनरशिप (जीपीएआई) की भी अध्यक्षता करेगा। यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के जिम्मेदार और मानव-केंद्रित विकास एवं उपयोग का समर्थन करने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय पहल है। सरकार के अनुसार भारत को अध्यक्षता मिलना इस बात को दशार्ता है कि आज दुनिया भारत को एक विश्वसनीय प्रौद्योगिकी भागीदार के रूप में देखती है। भारत ने हमेशा नागरिकों के जीवन को बदलने के लिए प्रौद्योगिकी के नैतिक उपयोग की वकालत की है। एआई टेक लैंडस्केप को बड़ा और मजबूत बना रहा है और मानवीय संभावनाओं के दायरे को आगे बढ़ा रहा है। एआई से 2035 तक भारतीय अर्थव्यवस्था में 967 अरब अमेरिकी डॉलर और 2025 तक भारत की जीडीपी में 450-500 अरब अमेरिकी डॉलर जोड़ने की उम्मीद है। यह देश के 5000 अरब (ट्रिलियन) अमेरिकी डॉलर का जीडीपी लक्ष्य हासिल करने का 10 प्रतिशत है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भारत के प्रौद्योगिकी इकोसिस्टम के विकास के लिए एक काइनेटिक इनेबलर है। जीपीएआई अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, मैक्सिको, न्यूजीलैंड, दक्षिण कोरिया और सिंगापुर सहित 25 सदस्य देशों का एक समूह है। भारत 2020 में संस्थापक सदस्य के रूप में समूह में शामिल हुआ था।

जापान वर्तमान में परिषद अध्यक्ष है। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी एवं कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर फ्रांस से प्रतीकात्मक रूप से अधिग्रहण के लिए 21 नवंबर को टोक्यो में होने वाली जीपीएआई की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। परिषद की अध्यक्षता के लिए चयन प्रक्रिया में, भारत को दो-तिहाई से अधिक प्रथम वरीयता मत प्राप्त हुए। जबकि कनाडा और अमेरिका को इससे कम वोट मिले। इसलिए, इन दोनों देशों को परिषद की संचालन समिति की सीटों पर नियुक्त किया गया। 2022-2023 संचालन समिति के लिए, पांच सीटें जापान (लीड काउंसिल चेयर और संचालन समिति के सह-अध्यक्ष के रूप में), फ्रांस (आउटगोइंग काउंसिल चेयर), भारत (इनकमिंग काउंसिल चेयर), कनाडा और संयुक्त राज्य अमेरिका के पास रहेंगी। जीपीआईए भाग लेने वाले देशों के अनुभव और विविधता का उपयोग करके एआई की चुनौतियों और अवसरों की बेहतर समझ विकसित करने के लिए अपनी तरह की प्रथम पहल है। यह आपसी सहयोग उन्नत अनुसंधान और लागू गतिविधियों का समर्थन करके एआई से संबंधित प्राथमिकताओं में सिद्धांत और व्यवहार के बीच की खाई को पाटने की कोशिश करेगा

## महंगाई की मार: मदर डेयरी ने बढ़ाए दूध के दाम



**नई दिल्ली:** दिल्ली एनसीआर में आम जनता को महंगाई का एक और झटका लगा है। मदर डेयरी ने एक बार फिर से दूध के दाम बढ़ा दिए हैं। यह कीमतें सोमवार से प्रभावी हो जाएंगी। इस साल दिल्ली एनसीआर में चौथी बार दूध की कीमत बढ़ाई गई है। मदर डेयरी ने फुल क्रीम दूध पर एक रुपये प्रति लीटर के हिसाब से बढ़ोतरी की है। वहीं, टोकन वाले दूध पर दो रुपये प्रति लीटर कीमत बढ़ाई है। दिल्ली एनसीआर में मदर डेयरी कंपनी सबसे ज्यादा दूध की आपूर्ति करने वाली कंपनियों में से एक है। मदर डेयरी रोजाना 30 लाख लीटर से ज्यादा दूध की आपूर्ति करती है।

**आधा लीटर दूध के पैकेट पर नहीं बढ़े दाम:** सोमवार से फुल क्रीम दूध अब 63 रुपये/लीटर की जगह 64 रुपये/लीटर मिलेगा। वहीं टोकन दूध 48 की जगह 50 रुपये प्रति लीटर मिला करेगा।

मदर डेयरी के प्रवक्ता ने बताया कि फुल क्रीम दूध के आधा लीटर पैकेट के दाम में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है।

## 'गंभीर अपराधों में जमानत देने से हिचकते हैं डिस्ट्रिक्ट जज'



**नई दिल्ली:** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि डिस्ट्रिक्ट जज हीनियस क्राइम (जघन्य अपराध) में जमानत देने से हिचकते हैं। यही वजह है कि हाईकोर्ट्स में जमानत याचिकाओं की बाढ़ आ रही है। यह बात उन्होंने बार काउंसिल ऑफ इंडिया की तरफ से किए सम्मान समारोह के दौरान कही। इस दौरान कानून मंत्री किरेन रिजिजू भी मौजूद थे। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा- ऐसा नहीं है कि जिला स्तर पर जज अपराध को नहीं समझते हैं। बल्कि उन्हें जमानत देने के बाद खुद को निशाना बनाए जाने का डर होता है। इस डर के बारे में कोई बात नहीं करता, जो हमें करनी चाहिए। इससे डिस्ट्रिक्ट कोर्ट का पैनापन कम हो रहा है ।

## जम्मू-कश्मीर में जल्द चुनाव करवाना जरूरी: फारूक



**जम्मू/श्रीनगर:** जम्मू और कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने भगवान राम को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भगवान राम सबके हैं, केवल हिंदू धर्म के लोगों के लिए नहीं हैं। फारूक अखनूर में एक फैक्ट्री के उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कहा- कोई भी मजहब बुरा नहीं होता। इंसान भ्रष्ट होता है। भाजपा पर निशाना साधते हुए फारूक ने कहा- वे चुनाव के दौरान 'हिंदू खतरे में हैं' का खूब इस्तेमाल करेंगे, लेकिन मेरी आप सभी से गुजारिश है कि आप इसके झांसे में न आएं।

**फारूक बोले- जम्मू-कश्मीर में जल्द चुनाव करवाना जरूरी:** उन्होंने कहा- हमें यहां 50,000 नौकरियों का वादा किया गया था, वे कहां हैं? हमारे डॉक्टर, नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ और हमारे बच्चे सभी बेरोजगार हैं। यह एक राज्यपाल द्वारा नहीं किया जा सकता है, आप उसे जवाबदेह नहीं ठहरा सकते। यहां चुनाव करवाना जरूरी है।

**'मेरे पिता ने 1947 में भारत को चुना':** फारूक ने 1947 का जिक्र करते हुए कहा कि साल 1947 में कश्मीर पर कबाइलियों ने हमला किया तो जिन्ना ने उनके पिता शेख अब्दुल्ला को जम्मू-कश्मीर को पाकिस्तान में मिलाने के लिए कहा था, लेकिन उन्होंने साफ इनकार कर दिया और भारत को चुना। फारूक ने कहा- हमे इसकी खुशी है क्योंकि वर्तमान में पाकिस्तान में हालात काफी खराब हैं। वहां के पूर्व ढट इमरान खान को गोली मारी गई। जनता की बजाय सेना के हाथ में सत्ता है, जबकि भारत में आम लोगों के हाथ में ताकत है।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक सरकार नहीं है। इससे चलते लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। यहां जल्द चुनाव होने चाहिए, ताकि लोगों का अपना विधायक मिले, जो उनकी मुश्किलों को हल करे। इस दौरान उन्होंने जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस दिए जाने की मांग भी की। फारूक ने कहा- जम्मू कश्मीर और लद्दाख फिर से एक होंगे और जम्मू-कश्मीर फिर से राज्य बनेगा।

## भारत राष्ट्र की कल्पना पश्चिम की कल्पना से अलग: डॉ. मोहन



**जबलपुर:** भारत राष्ट्र की कल्पना पश्चिम की कल्पना से अलग है। भारत भाषा, व्यापारिक हित, सत्ता, राजनैतिक विचार आदि के आधार पर एक राष्ट्र नहीं बना। भारत भूमि सुजलां सुफलाम रही है। भारत विविधता में एकता और वसुधैव कुटुम्बकम के तत्व दर्शन और व्यवहार के आधार पर एक राष्ट्र बना है। अपना जीवन इन जीवन मूल्यों के आधार पर बलिदान करने वाले पूर्वजों की अपनी विशाल परम्परा है। यह विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने व्यक्त किये। डॉ. भागवत शनिवार शाम को जबलपुर प्रवास के दौरान मानस भवन में प्रबुद्धजन गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाषा, पूजा पद्धति के आधार पर समाज नहीं बनता. समान उद्देश्य पर चलने वाले,एक समाज का निर्माण करते हैं। भारत का दर्शन ऐसा है कि किसी ने कितना कमाया इसकी प्रतिष्ठा नहीं है, कितना बाँटा इसकी प्रतिष्ठा रही है। अपने मोक्ष और जगत के कल्याण के लिए जीना ये अपने समाज का जीवन दर्शन रहा है। इसी दर्शन के आधार पर अपना राष्ट्र बना है। इस तत्व दर्शन के आधार पर जीते हुए ज्ञान- विज्ञान- शक्ति -समृद्धि की वृद्धि करने का रास्ता अपने ऋषियों ने दिखाया है, धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की बात, अर्थात सब प्रकार के संतुलन की बात हमारी संस्कृति है। सबको अपनाने वाला दर्शन ही हिंदुत्व है। संविधान की प्रस्तावना भी हिंदुत्व की ही मूल भावना है। डॉ भागवत ने आगे कहा कि विविधताओं की स्वीकार्यता है, विविधताओं का स्वागत है, लेकिन विविधता को भेद का आधार नहीं बनाना है। सब अपने हैं। भेदभाव, ऊँच नीच अपने जीवन दर्शन के विपरीत है। हमारा व्यवहार, मन क्रम वचन से सद्भावना पूर्ण होना चाहिए। हमारे घर में काम करके अपना जीवन यापन करने वाले, श्रम करने वाले भी हमारे सद्भाव के अधिकारी हैं। उनके सुख दुःख की चिंता भी हमें करनी चाहिए। हम अपने लिए, परिवार के लिए खर्च करते हैं, पर यह सब अपने समाज के कारण है. उसके लिए भी समय और धन खर्च करना चाहिए. प्रकृति से इतना कुछ लेते हैं।

## मंगलुरु: आतंकियों ने किया ऑटो ब्लास्ट



**बेंगलुरु:** कर्नाटक के मंगलुरु में शनिवार को ऑटो रिक्शा में हुए विस्फोट का आतंकी एंगल सामने आया है। कर्नाटक के डीजीपी प्रवीण सूद ने रविवार को बताया कि यह एक नॉर्मल विस्फोट नहीं, बल्कि आतंकी हमला था। उन्होंने कहा कि विस्फोट में ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन यह हमला बड़ा नुकसान पहुंचाने के इरादे से किया गया था। इधर, ब्लास्ट वाली जगह से पुलिस ने एक आधार कार्ड बरामद किया है। यह आधार कार्ड हुबली जिले के रहने वाला प्रेमराज हुतागी का है, जो भारतीय रेलवे के बेंगलुरु डिवीजन में कार्यरत हैं। पुलिस के मुताबिक, विस्फोट करने वाले शख्स ने ये कार्ड चुराया था। पुलिस ने प्रेमराज से पूछताछ भी की है।

**विस्फोट में दो लोग घायल:** मंगलुरु में शनिवार शाम करीब 5 बजे एक ऑटो रिक्शा में विस्फोट हुआ था।

# मांडा पुलिस ने किया खुलासा चार हत्यारोपी भेजे गए जेल

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा रोड।** बीते माह युवक की हत्या कर शव थाना क्षेत्र ग्राम बेला चौहान में फेंके जाने का माण्डा पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने हत्या के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।बतादें की आरोपियो ने अनिल कुमार गौतम ग्राम रामपुर हँसवार जिगना मिजार्पुर के रहने वाले युवक की हत्या कर शव कम्बल में छुपाते हुए बीते 06 अक्टूबर 22 को बेला चौहान इलाके में फेंक दिया था। उक्त घटना मृतक के भाई राकेश कुमार ने 11नवम्बर को आठ लोगो



के खिलाफ तहरीर दिया। माण्डा पुलिस ने थाने में मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबिन में लगी।

वहीं माण्डा प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार गौतम, निरीक्षक सुभाष सिंह यादव, वरिष्ठ उप निरीक्षक राम केवल यादव सर्विस लांस प्रभारी उप निरीक्षक शान्तनु चतुर्वेदी की टीम की मदत से रविवार को मामले के आरोपी शिवानी बिन्द पुत्र स्व0 हरिमोहन, राममनी बिन्द पुत्र श्यामलाल,बरई सिंह पुत्र स्व0रामदुलार निवासीगण कोल्हेपुर जिगना तथा आदित्य सिंह पुत्र संजय सिंह निवासी बाग जोरावर जिगना मिजार्पुर को मिजार्पुर की तरफ जाने वाले मार्ग माण्डा तिराहे से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में माण्डा पुलिस ने निशानदेहि पर घटना में प्रयुक्त 12 चक्का का ट्रक, मृतक की चप्पल तथा छिपाने में प्रयुक्त कम्मल आदि बरामद कर लिया।इसके बाद लिखापढ़ी की कार्यवाही करते हुए सभी अभियुक्तो को जेल भेज दिया गया।

## शिक्षक नेताओं ने चौकी प्रभारी मेजा को किया सम्मानित

**मेजा रोडद्ध।** मेजा शिक्षक संघ के अध्यक्ष मनीष तिवारी के नेतृत्व में मौजूद शिक्षकों ने क्षेत्र में बेहतर कार्य को लेकर चौकी प्रभारी मेजारोड को पुष्पगुच्छ अंगवस्त्रम तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बता दे कि मेजा शिक्षक संघ के अध्यक्ष मनीष तिवारी के नेतृत्व में गुरुवार को मेजारोड बाजार के पाण्डे मार्केट मे मौजूद दर्जनों शिक्षकों के द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवस्था तथा पुलिसिया बेहतर कार्यशैली को लेकर चौकी प्रभारी मेजारोड राम भवन वर्मा को सम्मानित किया गया।शिक्षक संघ के अध्यक्ष मनीष तिवारी ने कहा कि जब से मेजारोड चौकी रामभवन वर्मा ने पदभार संभाला है तब से क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम है हम लोगों की सुरक्षा का दायित्व का निर्वहन कर रहे।

# यमराज को साथ लेकर किया गया यातायात नियमों के प्रति लोगों को किया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** क्षेत्राधिकारी करछना अजीत सिंह चौहान एवं नैनी थाना प्रभारी बृजेश सिंह अपने साथ यमराज को लेकर लोगों को फूल दिलाया कर वचन दिलाया की अगली बार बाइक चलाएंगे तो हेलमेट लगाकर चलेंगे नैनी आपको बता दें कि क्षेत्राधिकारी करछना अजीत सिंह चौहान और नैनी थाना प्रभारी बृजेश सिंह के द्वारा नैनी लेप्रसी मिशन चौराहे पर चलाया गया चेकिंग अभियान और यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर कार एवं बाइक सवारों को रोककर यातायात नियमों के प्रति सचेत किया गया और वाहनों की चेकिंग की गई । पुलिस सूत्रों के अनुसार यातायात माह के अंतर्गत लोगों को यमराज के द्वारा



समझाया गया कि बाइक पर हेलमेट लगाकर चलें और तीन सवारी ना बैठा है नहीं तो यमराज को आना पड़ेगा और कार चालकों को नियंत्रित गति सीमा में वाहन चलाने की समझाया गया। इस मौके पर नैनी थाना निरीक्षक अपराध मोहम्मद अली एसएसआई अजय कुमार सिंह, जेलो चौकी इंचार्ज सुमित त्रिपाठी फूल मंडी चौकी इंचार्ज उमेश यादव नैनी थाना महिला उपनिरीक्षक शालिनी सिंह औद्योगिक थाना अध्यक्ष संजीव चौबे नैनी थाना उपनिरीक्षक मनोज सिंह सुरेंद्र सिंह नैनी थाना पुलिस बल के साथ नैनी थाने की एसपीओ पुलिस मित्र यूथ टीम प्रभारी एवं संचालक आशीष जायसवाल अपने टीम के सदस्य प्रभात सिंह अनु त्यागी विशाल सिंह नरेंद्र तिवारी लक्ष्मण पांडे अमित अग्रहरि शुभम तिवारी पंकज यादव अंकित सिंह और एनसीसी ग्रुप एवं जिला अपराध निरोधक समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# बारात आने से पहले युवती प्रेमी के साथ फरार ,शादी के घर में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** बारात आने से एक दिन पूर्व प्रेमीका प्रेमी के साथ फरार हो गई। युवती के भाग जाने पर घर में कोहराम मचा हुआ है। इस घटना से गांव में चचाओं का बाजार गर्म है। हालांकि इसकी सूचना पुलिस को नहीं दी गई है। मालूम हो मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गाँव में एक युवक का गांव ही एक युवती से काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताते हैं कि आज से एक साल पूर्व दोनों भाग चुके हैं। जिसमें परिजनों ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। युवती को पुलिस ने पकड़ परिजनों को सौंप दिया था तथा युवक को जेल भेज दिया था। युवक जमानत से छुट कर गांव आया तो परिजन उसे दिल्ली भेज दिए। बताते हैं कि युवती का युवक से मोबाइल से बातें होती रहती थी।

जब युवती की शादी की तिथि पड गयी तो युवक आ धमाका जिसकी भनक न ही युवक के परिजनों को हुई न ही युवती के घर वालों को हुई। पहले से तय स्थान पर युवती घर का जेवर और रुपये लेकर रात के समय फरार हो गई। सुबह युवती के घर में न मिलने पर तथा सारे जेवर और नकदी गायब होने से युवती के परिजनों में कोहराम मच गया।और घर पर आए मेहमान धीरे धीरे खिसक लिए। बताते हैं कि जब युवती के परिजनों ने युवक के घर पर जा कर सारी बात बतायी तो वह भी अचम्भित हो गए। बताते हैं कि फिलहाल शादी की तिथि बढा कर युवक और युवती के परिजन मिलकर कर दोनों की तलाश में जुट गए हैं। समाचार लिखे जाने तक इसकी सूचना पुलिस को नहीं दी गई थी। गांव में उक्त घटना चचाओं का विषय बना हुआ है।

## श्रीमद्भागवत कथा में हुआ श्रीकृष्ण जन्म एवं नंदोत्सव का वर्णन

**घूरपुर।** लोककल्याणार्थ चल रही श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ तातारगंज में कथा के पांचवे दिन में कथाव्यास आचार्य श्यामसुंदर त्रिपाठी महाराज के द्वारा शुक्रवार को वामन अवतार, नरसिंह अवतार व श्रीकृष्ण जन्म की कथा एवं नंदोत्सव का वर्णन किया गया। साथ ही भूत भवन भोलेनाथ के विवाह की प्रस्तुति की गई ।इस कार्यक्रम के यजमान विजय शंकर पांडेय एवं दान बहादुर सिंह सपरिवार व क्षेत्र व गांव के सैकड़ो भगवत भक्त मौजूद रहे।

# यातायात माह में टेंपो चालकों को यातायात के बारे में जागरूक करते थाना प्रभारी

**अखंड भारत संदेश**

**मेजरोड।** यातायात माह नवंबर में रविवार के दिन मेजा थाना प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेश्वर मिश्रा व चौकी प्रभारी मेजारोड रामभवन वर्मा मय पुलिस टीम द्वारा मेजारोड चौराहे पर टेंपो (ऑटो)चालको को यातायात के बारे में जागरूक किया ।थाना प्रभारी निरीक्षक ने टैंपो (ऑटो)चालको को यातायात के बारे में समझाते हुए कहा कि टेंपो (ऑटो) चलाते समय कान में लीड लगा कर न बात करे,गाड़ी में ओवरलोड सवारी ना बैठाये। रात



में गाड़ी चलाते समय हमेशा अपने गाड़ी में रिफ्लेक्टर लगाए जिससे सामने वाले गाड़ी को आपकी गाड़ी दिखे जिससे दुर्घटना न हो।चौकी प्रभारी मेजा रोड ने कहा कि गाड़ी चलाते समय अपने साइड के पीछे से अगल बगल साइड लेते समय जरूर देखें जिससे दुर्घटना न हो, नहीं अपनी गाड़ी को स्पीड से चलाएं, नहीं अपने गाड़ी में लगे साउंड को तेजी से बजाएं।सतर्कता से ही दुर्घटना से बचा जा सकता है।यातायात के इस कार्यक्रम में समस्त टेंपो चालक के साथ अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

# टौंस नदी की पैदल परिक्रमा शुरू करेंगे बीजेपी नेता योगेश शुक्ल

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा रोड।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ल 4 दिसंबर 2022 से टौंस नदी की पैदल परिक्रमा शुरू करेंगे ।उक्त जानकारी देते हुए उनके सहयोगी / प्रतिनिधि विनय कुमार ने बताया कि योगेश जी जब देवोत्थान एकादशी की शाम टौंस दीपोत्सव के कार्यक्रम में कोना आये थे उसी समय उनके मन में टौंस की परिक्रमा करने का संकल्प जगा था ।विनय कुमार ने बताया कि यह परिक्रमा टौंस और गंगा के संगम के दक्षिणी तट स्थित चौकी गाँव से प्रारम्भ होकर गरगटा होते हुए बेलन नदी के संगम तक जाएगी । बेलन संगम से यात्रा टौंस को पार करके उत्तरी तट के गाँवों से होते हुए करछना के पनाशा गाँव में समाप्त होगी।सिरसा -चौकी के पास गंगा संगम से लेकर बेलन संगम तक टौंस की दूरी लगभग 72 किलोमीटर है । दोनों तटों से परिक्रमा पथ लगभग 150



किलोमीटर का होगा ।योगेश शुक्ल की यह परिक्रमा यात्रा मेजा ,कोराव , बारा और करछना तहसील के लगभग 100 से अधिक गाँवो से होकर गुजरेगी और लगभग 10 दिन में पूरी होगी।

विनय कुमार ने कहा है कि योगेश कि इस परिक्रमा यात्रा से टौंस नदी के पर्यावरण के प्रति लोगो का ध्यान आकर्षित होगा तथा इसके तटों से लगे गावों में आध्यात्मिक , सामाजिक , सांस्कृतिक एवं आर्थिक विकास के नये आयाम जुड़ेंगे।

# एसी एसटी ओबीसी कर्मचारियो के सवैधानिक अधिकारों पर आयोजित कार्यशाला संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** आल इन्डिया बैंक आफ बड़ौदा एसी, एसटी इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन लखनऊ जोन द्वारा रविवार को झूंसी के गोविंद बल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान में एसी, एसटी, ओबीसी कर्मचारियो को संवैधानिक अधिकार विषय पर एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंत संस्थान के निदेशक डॉ बद्री नारायण तिवारी कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद ने गुड़ गर्वनेंस शासन, सुशासन हेतु प्रशिक्षण के लिये डा.एचएस राना ने आरक्षण सम्बन्धी विभिन्न संवैधानिक अनुच्छेदों पर प्रकाश डाला। वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव मनोज कुमार ने कार्यशाला में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया तथा



बताया कि गोविन्द बल्लभ पंत सस्थान के निदेशक डा.बद्री नारायण तिवारी तथा संस्थान के कर्मचारियों के सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। सेमिनार मे विभिन्न विभागों के केन्द्रीय एवं राज्य सरकार के विभिन्न उपक्रमों मे कार्यरत कर्मचारियों, अधिकारियों के प्रतिनिधियों? ने भाग लिया। विजय प्रकाश, अशोक शिंदे, राजेश कुमार सुमन, गुरु प्रसाद चौधरी, शान्ति लता, रामू, मंजीत कुमार, राजदेव, आशीष कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## जल निकासी को लेकर घर में घुसकर की मारपीट केस दर्ज

**करछना।** थाना क्षेत्र के घटवा गांव में रविवार सुबह घर का पानी बाहर निकासी को लेकर विवाद हो गया जिसमें आधा दर्जन लोग घर में घुसकर एक व्यक्ति की लाठी डंडे एवं सरिया से पिटाई कर दी जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया लिखित शिकायत पर करछना पुलिस ने तीन लोगों को नामजद करते हुए 4 अन्य के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है घटवा गांव निवासी हिमांशु पांडे रविवार सुबह अपने घर के सामने बैठे थे तभी पड़ोस के सुनील पांडे शिवम पांडे दयाशंकर पांडे व उनके साथ चार अन्य लोग घर पर चढ़कर घर के सामने जबरन पानी बाहये जाने को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया योजनाबद्ध तरीके से लोगों ने हिमांशु पांडे को लाठी-डंडों से पीटा जब वह घर के अंदर भाग गया तो उसे घर के अंदर घुस कर सरिया से और गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की किसी तरीके से वह भाग कर करछना थाने पहुंचा पुलिस में शिकायत की पुलिस ने तत्काल मामले को गंभीरता से लेते हुए मुकदमा पंजीकृत कर लिया है बाकी हमलावर फरार बताए गए।



## महिला व्यापार मंडल की अध्यक्ष बनीं रूपाली सरकार , एवं शबीना बानो महामंत्री

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** महिला व्यापार मंडल ने यमुना पार नैनी इकाई का गठन किया गया जिला महिला व्यापार मंडल ने रविवार को यमुना पार नैनी व चक इमामी अली मोहल्ले में महिला व्यापार मंडल का गठन किया गया ।जिला व्यापार मंडल की अध्यक्ष श्रीमती अवंतिका टंडन वा महामंत्री श्रीमती पल्लवी अरोड़ा ने बताया यमुना पार के गठन का सिलसिला जारी है इसी क्रम में रविवार चक इमाम अली, नैनी, में महिला व्यापार मंडल की नैनी इकाई का गठन किया। जिसमें श्रीमती रुपाली सरकार (अध्यक्ष) श्रीमती शबीना बानू (महामंत्री )श्रीमती सरिता खुराना (वरिष्ठ उपाध्यक्ष) कुमारी पूजा तिवारी (उपाध्यक्ष) श्रीमती सुषमा पांडे (उपाध्यक्ष) श्रीमती अलका दुबे (उपाध्यक्ष) श्रीमती सुनीता प्रजापति (सचिव) प्रधान शिव शंकर दीक्षित (संरक्षक), श्रीमती लता दीक्षित (संरक्षक), प्रमोद दुबे जी (सहयोगी संरक्षक) नियुक्त किए गए।इस दौरान जिला महिला व्यापार मंडल की अध्यक्ष श्रीमती अवंतिका टंडन महामंत्री श्रीमती पल्लवी अरोरा, हिना खान , पूनम गुप्ता,रागिनी चंदेल,वंदना त्रिपाठी,रिशु मिश्रा, जहान हुसैन सिद्दीकी,लता उपद्याय,रंजना मिश्रा उपस्थित थी।

# विधवा महिलाओं को स्वरोजगार योजना के अंतर्गत सिलाई मशीन व प्रशिक्षण समाग्री एवं साड़ियों का वितरण किया गया

**अखंड भारत संदेश**

**सिरसा/प्रयागराज।** लाला लक्ष्मी नारायण डिग्री कालेज, सिरसा, प्रयागराज के प्रांगण में पिताम्बरा बांगला मुखी सिद्धपीठ हरिद्वार जिसका हेडक्वार्टर नई दिल्ली है इसके मुख्यकर्ता राजेश्वर सिंह विधायक सरोजनी नगर लखनऊ तथा आर.सी. अग्रवाल हैं । अग्रवाल फाउन्डेशन जिसका हेड क्वार्टर जिला प्रयागराज में। है। संस्था के मुख्यकर्ता श्रीमती शोभा अग्रवाल एवं आर.सी. अग्रवाल हैं। विधवा महिलाओं को स्वरोजगार योजना के तहत सिलाई मशीन एवं प्रशिक्षण सामग्री और साड़ियों का वितरण किया। श्री अग्रवाल ने कहा कि इससे महिलाएं स्वालम्बी होंगी और अपना आर्थिक विकास कर सकेंगी । जिससे उनके मन में हीन भावना न उत्पन्न होने पाये और अपने मेहनत व लगन से अपना स्वंय विकाश कर सके। इस कार्यक्रम के संयोजक श्री अनुज कुमार पाण्डेय थे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर महेन्द्र कुमार जायसवाल, एसोसिएट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान ने किया। आर.सी. अग्रवाल के द्वारा अग्रवाल फाउन्डेन्शन के तहत पांच महिलाओं को सिलाई मशीन वितरण किया गया जिसका नाम इस प्रकार है। शिव देवी, सपना केशरी, उर्मिला, सुनीता , विमला देवी एवं श्रीमती शोभा अग्रवाल द्वारा इन पांच महिलाओं को सिलाई मशीन वितरण किया गया। जिसका



नाम इस प्रकार है। पूजा मिश्रा, कुसुम देवी, अंजू देवी, गुड़िया, कंचन देवी । इस अवसर पर गणमान्य व्यक्तियों में सिरसा चेरमैन श्याम कृष्ण सिंह (पप्पू यादव) विधानसभा अध्यक्ष समाजवादी पार्टी मेजा, पंकज तिवारी (गुरु जी) इलाका प्रसाद शर्मा, ध्रुव प्रकाश अग्रवाल, महाविद्यालय के संजय शुक्ला, असि० प्रोफेसर, राजेश अग्रवाल, कैलाश शर्मा सत्यवीर सिंह, शिव कुमार सिंह, लवकुश तथा महाविद्यालय के कर्मचारीगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सुविधाओं से वंचित हरिजन बस्ती के बाशिंदे, सैकड़ों परिवारों को हो रही परेशानी

## जसरा के जारी गड़ैया कला बस्ती में बदहाल मार्ग से गम ना गमन बाधित

**अखंड भारत संदेश**

**जारी /प्रयागराज।** रीवा राष्ट्रीय राज्य मार्ग से लगा हुआ रोड जसरा विकास खंड के जारी पावर हाउस स्थित हरिजन बस्ती में रोड खराब होने से सोनकर बस्ती के लोगों का आना-जाना दूबर हो गया है। जाने वाला मुख्य मार्ग पर पिछले कई वर्षों से ऊबड़ खाबड़ हालत में पड़ा हुआ है। पिछले 15 सालों न तो सड़क बन पाई और न ही नाली। बीच सड़क जमा घरों का पानी दलदल और कीचड़ का रूप ले चुका है। इस हरिजन बस्ती की तरफ ध्यान न देने से लोगों के घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़कों पर जमा हो रहा है। इससे आने जाने बाले तमाम राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर तब स्थिति ज्यादा खराब हो जाती है जब बारिश हो रही हो। यह मार्ग रात्रि के समय और भी ज्यादा खतरनाक हो जाता है।

हरिजन बस्ती के लोगों ने सरकार पर भेदभाव का आरोप लगाया है। कि बारा क्षेत्र के जारी पावर हाउस के सामने गढ़ैया कला हरिजन बस्ती में आज तक 500 मीटर की सड़क नसीब नहीं हुई यहां तक पैदल चलने का रास्ता भी ढंग का नहीं है। यह सड़क पूर्व प्रधान द्वारा बहुत पहले मिट्टी और गिट्टी युक्त बनाया गया था ।उसके बाद से आज तक रोड खराब पड़ी हुई है। और नाली की सुविधा भी नहीं है ऐसे में पानी जाए तो जाए कहां इस बस्ती में रोड को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। इसके पहले भी खबरों को प्रकाशित किया गया ।और सांसद व विधायक को भी अवगत कराया गया । इतना ही नहीं जिला पंचायत के माध्यम से भी बनना था । लेकिन अभी तक नहीं बन सका है पूर्ण आश्वासन ही दिया गया है ।उसके बाद भी कोई सुध लेने वाला नहीं है ।हरिजन बस्ती के लोगों ने सांसद निधि या विधायक निधि या फिर जिला पंचायत से यह मांग किया है ।कि इस रोड का कार्य जल्द से जल्द रास्ते का निर्माण शीघ्र आरंभ किया जाए।ताकि आम जनमानस के आने-जाने से राहत मिल सके।

# महंगे दामों में खाद बेच रहे दुकानदारों पर मेहरबान विभाग

## सुनीता ट्रेडर्स खाद विक्रेता के विरुद्ध, डीएम व जिला कृषि अधिकारी से हुई शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**रत्योरा /प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार के सख्त निर्देश के बाद भी प्राइवेट खाद दुकानदारों की मनमानी



पर जिला प्रशासन अंकुश लगा पाने में कामयाब नहीं हो पा रहा है। प्राइवेट खाद दुकानदार लगातार किसानों का शोषण कर रहे हैं। डीएपी और यूरिया खाद की बिक्री महंगे दामों में खुले तौर पर की जा रही है। कोरांव बाजार की बात करें तो दर्जनभर से अधिक प्राइवेट खाद की दुकानें हैं। प्रत्येक दुकानदार मनमाने तरीके से खाद की बिक्री कर रहे हैं। इन दुकानदारों को जिला प्रशासन व सरकार का कोई डर व भय नहीं है। खुलेआम 1300 रुपए में बिकने वाली डीएपी खाद की बिक्री 1400 रुपए प्रति बोरी कर रहे हैं। जिसकी शिकायत जिलाधिकारी व जिला कृषि अधिकारी से की गई है। कोरांव बाजार के मेजा वाली रोड पर सुनीता ट्रेडर्स नामक खाद विक्रेता के यहां उल्दा गांव के रहने वाले किसान अशोक कुशवाहा ने एक

### कोरांव में महंगे दामों में बेची जा रही डीएपी व यूरिया खाद

बोरी डीएपी खरीदी उन्होंने बताया कि डीएपी का निर्धारित मूल्य 1300 रुपए है जबकि दुकानदार ने मुझसे एक बोरी डीएपी का दाम 1400 रुपए लिया। किसान ने बताया कि जैसे ही मैं खाद लेकर घर पहुंचा तो मेरे आधार कार्ड पर दुकानदार के द्वारा एक बोरी की जगह 5 बोरी डीएपी व तीन बोरी यूरिया खाद चढ़ा दिया गया। जिसका मैसेज देखकर जब मैं दुकानदार से बात किया तो कहा कि पैसा तो एक बोरी का ही दिए हो। इस तरीके से खाद दुकानदार किसानों के साथ धोखाधड़ी कर खाद की कालाबाजारी करने में जुटे हुए हैं। ऐसे में पीड़ित किसान पेशे से अधिवक्ता अशोक सिंह मामले की शिकायत जिलाधिकारी एवं जिला कृषि अधिकारी से करते हुए सुनीता ट्रेडर्स के नाम से चल रही खाद की दुकान पर कार्यवाही की मांग की है। इतना ही नहीं सुनीता ट्रेडर्स के नाम से चल रही खाद की दुकान




के सामने कोई बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। अंदर अगर आप घुस जाएंगे तो खाद ही खाद का गोदाम है। किसानों का शोषण कर प्राइवेट खाद दुकानदार लगातार मालामाल हो रहे हैं, किंतु जिला प्रशासन हो अथवा विभागीय जिम्मेदार अधिकारी किसी से कोई लेना देना नहीं है। अगर कोई किसान शिकायत कर भी रहा है तो विभागीय जिम्मेदार सीधे दुकानदार से मुलाकात कर कार्यवाही के नाम पर सुविधा शुल्क लेकर चले जाते हैं। जिससे मनमाने खाद विक्रेताओं के हौसले बुलंद हैं। इस संदर्भ में जब जिला कृषि अधिकारी सुभाष मौर्या से बात की गई तो उन्होंने बताया कि संपूर्ण समाधान दिवस में महंगे दामों में खाद बेचने व अधिक खाद चढ़ाने की शिकायत संज्ञान में आई है। सुनीता ट्रेडर्स नामक दुकानदार पर खरीद एवं बिक्री प्रतिबंधित रखने की कार्रवाई की जा चुकी है। अगर इसके बाद भी वह खाद बेच रहा है तो निश्चित तौर पर गलत कर रहा है। जिसके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इसी प्रकार उपजिलाधिकारी कोरांव शुभम यादव से बात की गई तो उन्होंने कहा कि एडीओ कृषि समेत जांच टीम गठित कर प्रकरण की जांच कराई जाएगी। साथ ही खाद की कालाबाजारी कर रहे दुकानदार पर कार्रवाई की जाएगी।

# 14 घंटे की मशक्कत के बाद मलबे से निकाला गया शव, शनिवार को गिर गया था जर्जर मकान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** शाहगंज इलेक्ट्रॉनिक मार्केट के पास जर्जर मकान के मलबे में दबे मजदूर विजय कुमार (35) का शव 19 घंटे बाद बाहर निकाला जा सका। शनिवार शाम पांच बजे शुरू हुआ सर्च अभियान रविवार दोपहर 12 बजे खत्म हुआ। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर गाजीपुर के लिए रवाना हो गए।विजय गाजीपुर के मुस्तफाबाद का रहने वाला था। वह यहां पिछले कुछ महीनों से रहकर ठेकेदार संतोष गुप्ता के लिए मजदूरी का काम करता था। उसके साथ उसके ही गांव का रहने वाला रूदल भी काम करता था। शनिवार शाम मकान ढहने के दौरान रूदल तो भाग निकला था, लेकिन विजय मलबे में दब गया था। घटना के बाद से ही पुलिस मलबा हटवाने में लगी रही। रात में फायर ब्रिगेड व एसडीआरएफ भी बुला ली गई। मजदूरों को लगाकर मलबा हटवाया



जा रहा था। लेकिन मलबा बहुत ज्यादा था। देर रात जेसीबी मंगवाई गई, जिससे मकान की आगे के हिस्से की चहारदीवारी तोड़ी गई और फिर जेसीबी से मलबा हटवाने का काम शुरू हुआ।

रात के बाद सुबह भी काम चलता रहा। आखिरकार दोपहर 12 बजे के करीब मजदूर का शव बाहर निकाल लिया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। उधर तब तक सूचना पर परिजन भी आ गए। शाम को पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर रवाना हो गए।

## नहीं थे सुरक्षा इंतजाम.....

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि जर्जर मकान के अगले हिस्से में मार्केट के निर्माण के लिए काम चल रहा था। इसके लिए उस हिस्से को भी तोड़ा भी जा रहा था। लेकिन सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए गए थे। काम में लगे मजदूरों को भी सुरक्षा उपकरण नहीं दिए गए थे। हालांकि फिलहाल देर शाम तक मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। थानाध्यक्ष शाहगंज अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है।

## सिलेंडर से लगी आग दो दोस्त झुलसे

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र में गैस सिलेंडर में आग लगने से दो दोस्त झुलस गए। उन्हें आनन फानन में एम्बुलेंश से अस्पताल ले जाया गया। मामला शनिवार रात का है खाना बनाते वक्त गैस में आग लग गई थी। मुंसी का पूरा गांव निवासी शिवा भारतीया 20 व कटका गांव निवासी प्रियांशु यादव 18 पुत्र जीतलाल यादव दोनों दोस्त हैं। शनिवार की देर रात शिवा अपने दोस्त प्रियांशु के साथ घर आया और खाना बनाने के लिए दोनों किचन में गये और वहाँ पहले से ही गैस खुला था जिसकी महक प्रियांशु ने महसूस किया और अपने दोस्त शिवा से गैस महकने की बात की और शिवा ने माचिस की तीली जला दी और अचानक से पूरे कमरे में आग लग गई और दोनों दोस्त चिल्लाते हुए बाहर भागे हैं जब तक लोग कुछ समझ पाते दोनो बुरी तरह से झुलस गए सूचना पर पुलिस के साथ 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुँची और दोनों को स्वरूप रानी अस्पताल में भर्ती कराया।

# जिलाधिकारी ने संगम क्षेत्र में पहुंचकर काशी तमिल संगमम कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

### तमिल संगमम कार्यक्रम के तहत पर्यटकों का प्रथम जत्था 21 नवम्बर को पहुंचेगा प्रयागराज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने रविवार को संगम क्षेत्र का भ्रमण कर काशी तमिल संगमम कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। जनपद में आयोजित काशी तमिल संगमम कार्यक्रम के तहत प्रथम ग्रुप का आगमन 21 नवम्बर को पूर्वान्ह 09:45 बजे सर्वप्रथम संगम क्षेत्र में होगा। टीम के सदस्य अपने भ्रमण कार्यक्रम के तहत संगम में स्नान एवं पूजन करेंगे, लेटे हनुमान जी, आदि शंकर विमान मंडपम मंदिर, अक्षय वट का दर्शन करेंगे तथा बोटिंग सहित अन्य कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

इसके बाद टीम के सदस्यगण चन्द्रशेखर आजाद पार्क, म्यूजियम एवं स्वामी नारायण मंदिर भी जायेंगे। जिलाधिकारी ने तमिल संगमम कार्यक्रम को सकुशल एवं भव्य रूप से सम्पन्न कराये जाने हेतु सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है। जिलाधिकारी ने नगर निगम को साफ-सफाई की समुचित



व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर साइनेज, साउण्ड सिस्टम, पार्किंग, छिड़काव, सैण्डआर्ट, सेल्फी प्वाइंट, पीने के पानी, मेडिकल टीम तथा एम्बुलेंस, बोटिंग की व्यवस्था, जल पुलिस, गोताखोर सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने सुरक्षा की समुचित व्यवस्था के लिए पुलिस कर्मियों के साथ ही महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती भी करने के लिए कहा है। उन्होंने कार्यक्रम के लिए तमिल भाषा के जानकार लोगो को भी रखे जाने के लिए कहा है। कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु मजिस्टेटों की भी तैनाती की गयी है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि, सिटी मजिस्टेट सत्यप्रिय सिंह, जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया, पीडी ए0के0 मौर्या सहित सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# करछना में आईजी रेंज राकेश सिंह के नेतृत्व में यातायात जागरूकता निकाली गई रैली

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** गुरुवार को सड़क सुरक्षा यातायात जागरूकता अभियान पखवारे के क्रम में करछना थाना परिसर से यातायात जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि आईजी रेंज राकेश सिंह और एसएसपी शैलेंद्र कुमार पांडे रहे।

जिन्होंने यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली से पूर्व मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेट के छात्रों के साथ थाना प्रभारी विश्वजीत सिंह, उप जिलाधिकारी गनेश कनौजिया, सीओ अजीत सिंह चौहान,मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल मदनमोहन शंखधर, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सोनी ने पुष्पगुच्छ देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। आईजी रेंज राकेश सिंह ने यातायात सुरक्षा के प्रति स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर खड़े छात्रों को जागरूक करते हुए कहा कि यह नियम सिर्फ तख्तियों तक न सीमटने दे, बल्कि दिमाग में रख कर इसका पालन करें। एसएसपी शैलेंद्र कुमार पांडे ने कहां यातायात नियमों का पालन करके सड़क हादसों पर अंकुश लगाया जा सकता है। क्योंकि ज्यादातर घटनाएं नियमों का उल्लंघन करने पर ही घटित होती है। जिसका खामियाजा स्वयं के साथ दूसरों को भी भुगतना पड़ता है। जिसके बाद सभी अधिकारी बघेड़ा स्थित बीएमजी डिग्री कालेज में आयोजित यातायात जागरूकता कार्यक्रम में शिरकत किया। जहां विद्यालय निदेशक एनपी सिंह, प्राचार्य डॉ सत्य प्रकाश शुक्ला ने अतिथियों का स्वागत किया। आईजी रेंज राकेश सिंह ने यातायात के प्रति छात्रों को जागरूक करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना रोकने में स्कूली बच्चों की भूमिका अहम होती है। उन्होंने बच्चों से जिम्मेदार बनने और समाज में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने का भी आवाहन किया।

## शंकरगढ़ थाने का वारंटी गिरफ्तार

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ थाने की पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी 138एनआईए एक्ट के तहत की गई है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि उक्त प्रकरण के वारंटी कमल सिंह पुत्र चंद्रपाल सिंह (निवासी ग्राम गाढ़ा कटरा, शंकरगढ़) को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के बाद उसके खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई और चालान भेजा गया।

## कृषि विभाग द्वारा औसतन पैदावार का किया गया मूल्यांकन,उपज देखकर खिले किसानों के चेहरे

**जसरा/प्रयागराज।** शनिवार को ग्राम सभा चामू के विकास खंड जसरा में कृषि विभाग के अधिकारी जयवीर सिंह ने क्रॉप कटिंग कराई जिसकी उपज को देखकर किसानों के चेहरे खिल उठे। जयवीर सिंह ने बताया कि प्रति हेक्टेयर 83.80 कुंटल है।ग्राम सभा चामू के किसान राजवंश पुत्र देव मुनि के खेत में जाकर कृषि विभाग के अधिकारी ने क्रॉप कटिंग कराई जिसकी कुल माप 46.9 किलो रही नमी को काटकर 36.6 किलो प्राप्त हुआ इससे वहा पर मौजूद किसानों ने कहा की इस बार पैदावार बहुत ही अच्छी हुई है। मौजूद किसानों में प्रमुख रूप से ज्वाला पंडित, द्वीजेश पाण्डेय,चुन्नू पंडित, नागेंद्र प्रताप सिंह,द्वारिका सिंह, रमेंद्र सिंह,राजा तिवारी,राम बाबू केसरवानी आदि रहे।

# शिक्षक नेताओं ने चौकी प्रभारी मेजा को किया सम्मानित



**अखंड भारत संदेश**

**मेजा रोडद्ध।** मेजा शिक्षक संघ के अध्यक्ष मनीष तिवारी के नेतृत्व में मौजूद शिक्षकों ने क्षेत्र में बेहतर कार्य को लेकर चौकी प्रभारी मेजारोड को पुष्पगुच्छ अंगवस्त्रम तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बता दे कि मेजा शिक्षक संघ के अध्यक्ष मनीष तिवारी के नेतृत्व में गुरुवार को मेजारोड बाजार के पाण्डे मार्केट मे मौजूद दर्जनों शिक्षकों के द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवस्था तथा पुलिसिया बेहतर कार्यशैली को लेकर चौकी प्रभारी मेजारोड राम भवन वर्मा को सम्मानित किया गया।शिक्षक संघ के अध्यक्ष मनीष तिवारी ने कहा कि जब से मेजारोड चौकी रामभवन वर्मा ने पदभार संभाला है तब से क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम है हम लोगों की सुरक्षा का दायित्व का निर्वहन कर रहे ऐसे लोगों का सम्मान जरुरी है। आगे कहा कि ऐसे चौकी प्रभारी की जितनी भी तारीफ किया जाए कम है। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी सिद्धांत तिवारी, मेजा रोड व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय, अमित शुक्ला सोमू, लोलारक शुक्ला, सुनील तिवारी, संदीप तिवारी, अतुल तिवारी, राहुल तिवारी,प्रवीण दुबे, अशोक, हेमंत तिवारी,आकाश तिवारी,समी शुक्ला सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा में हुआ श्रीकृष्ण जन्म एवं नंदोत्सव का वर्णन

**घूरपुर।** लोककल्याणार्थ चल रही श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ तातारगंज में कथा के पांचवे दिन में कथाव्यास आचार्य श्यामसुंदर त्रिपाठी महाराज के द्वारा शुक्रवार को वामन अवतार, नरसिंह अवतार व श्रीकृष्ण जन्म की कथा एवं नंदोत्सव का वर्णन किया गया। साथ ही भूत भवन भोलेनाथ के विवाह की प्रस्तुति की गई ।इस कार्यक्रम के यजमान विजय शंकर पांडेय एवं दान बहादुर सिंह सपरिवार व क्षेत्र व गांव के सैकड़ो भगवत भक्त मौजूद रहे। श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि कंस की कारागार में वासुदेव- देवकी के भादो मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। उनका लालन-पालन नंदबाबा के घर में हुआ था। इसलिए नंदगांव में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध करके पृथ्वी को अत्याचार से मुक्त किया और अपने माता-पिता को कारागार से छुड़वाया। कृष्ण जन्म की खुशी में शुक्रवार को कथा स्थल को विशेष रूप से सजाकर माखन मिश्री का प्रसाद वितरण किया गया।



# जब-जब होई धरम की हानी, बाढ़हि असुर अधम अभिमानी

**अखंड भारत संदेश**

**जंघई।** श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ कथा में पांचवे दिन आशीर्वाद गेस्ट हाउस जंघई बाईपास में कथा व्यास रामानुजाचार्य श्रीधराचार्य महाराज ने श्री कृष्ण बाल लीलाओं



का वर्णन किया। भागवत कथा में आचार्य ने कहा कि कृष्ण हिंदू धर्म में विष्णु के अवतार हैं सनातन धर्म के अनुसार भगवान विष्णु सर्वपापहारी पवित्र और समस्त मनुष्यों को भोग तथा मोक्ष प्रदान करने वाले प्रमुख देवता हैं। जब-जब इस पृथ्वी पर असुर एवं राक्षसों के पापों का आतंक व्याप्त होता है तब-तब भगवान विष्णु अवतरित होकर पृथ्वी के भार को कम करते हैं। वैसे तो भगवान विष्णु ने अभी तक 12 अवतारों को धारण किया इन अवतारों में उनके सबसे महत्वपूर्ण अवतार श्रीराम और श्रीकृष्ण के ही माने जाते हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म लेते ही कर्म का चयन किया नन्हें कृष्ण द्वारा जन्म के छठे दिन ही शकटासुर का वध कर दिया, सातवें दिन पूतना को मौत की नींद सुला दिया तीन महीने के थे तो कान्हा ने व्योमासुर को मार गिराया। प्रभु ने बाल्यकाल में ही कालिया वध किया और सात वर्ष की आयु में गोवर्धन पर्वत को उठा कर इंद्र के अभिमान को चूर-चूर किया। गोकुल में गोचरण किया तथा गीता का उपदेश देकर हमें कर्मयोग का ज्ञान सिखाया। प्रत्येक व्यक्ति को कर्म के माध्यम से जीवन में अग्रसर रहना चाहिए।भगवान श्रीकृष्ण ने बाल लीला करते हुए इन्द्र का अभिमान भंग किया और गोवर्धन पर्वत की पूजा बृज वासियों को करा कर विश्व को प्रकृति की रक्षा करने का ज्ञान दिया। फिर वृन्दावन आकर पूरे गोपीयो के साथ महारास कर उन्हे सुख दिया। कंस के बुलावे पर मथुरा आए और मथुरा वासी को आनंदित करते हुए कंस की सभा तक आए और मल्ल युद्ध कर कई राक्षसों का संहार किया और अंत मे कंस का वध कर मोक्ष प्रदान किया कंस के वध करने के बाद पूरे मथुरा मे खुशी की लहर दौड़ गई। भगवान ने कारागार से अपने नाना को मुक्त कराया और मथुरा का राज्य सौंप दिया। भगवान ने गुरु संदीपनी जी के आश्रम मे विद्या अर्जित की।इस अवसर पर मुख्य यजमान रामेश्वर प्रसाद ऊमरवैश्य, मीरा देवी, मनोज कुमार, मनीष कुमार, आशीष कुमार, पवन कुमार, कृष्ण कुमार, कामता प्रसाद, राधेश्याम तिवारी, रामवृक्ष मिश्रा, शिवधारी दुबे, मिलन दुबे राजू भाईसाहब, केशरी सिंह, मनोज दुबे, प्रदीप कुमार, महेंद्र जायसवाल, धर्मराज तिवारी, विवेक कुमार जायसवाल, शैलेश पाठक, आयुष जायसवाल, राजन जायसवाल, सुभाष चन्द्र गुप्ता, सचिन सिंह, भरत लाल, कान्हा, किशन, शिवांश, शिवाय, कार्तिक, सावन, शुभ, श्रेयांश, श्याम सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार ने हर क्षेत्र में किया विकासः रीता जोशी

## शंकरगढ़ पहुंची सांसद रीता जोशी ने स्थानीय लोगों, कार्यकताओं से की मुलाकात

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी दूसरे दिन भी लगातार अपने क्षेत्र में रहीं। शनिवार को जहां दो सड़कों का लोकार्पण और उद्घाटन किया, वहीं रविवार को शंकरगढ़ पहुंचकर स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। नगर पंचायत शंकरगढ़ के केसरवानी धर्मशाला में स्थानीय लोगों से मुलाकात के दौरान सांसद ने लोगों की समस्याएं भी सुनीं और उनके निदान का आश्वासन दिया।

सांसद ने कहा, क्षेत्र की जो भी समस्याएं अवशेष रह गई हैं, शीघ्र ही उनका समाधान किया जाएगा। नगर निकाय चुनाव की तैयारियों पर चर्चा करते हुए सांसद ने कहा भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और प्रदेश सरकार ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया। सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, सुरक्षा के क्षेत्र में प्रदेश की योगी सरकार के साथ-साथ केंद्र सरकार

### कहा- 24 नवंबर को आयोजित बौद्धिक सम्मेलन को सफल बनाएं पार्टी कार्यकर्ता



उल्लेखनीय कार्य कर रही है। आज, एक फोन काल पर 5-10 मिनट के अंदर पुलिस मौके पर पहुंच रही है। हर घर नल योजना के जरिए लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। हर वर्ग के गरीबों के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाओं का संचालन कर लोगों को योजनाओं से आच्छादित किया जा रहा है। नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में इतने विकास कार्य हुए, जितना आजादी के बाद से अब तक कभी नहीं हुआ।

सांसद रीता जोशी ने बताया कि आगामी 24 नवंबर को केपी ग्राउंड में प्रबुद्धजनों के सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल होंगे। आप सभी लोग इस सम्मेलन को सफल बनाएं। सांसद ने स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर सभी वार्डों में कमल खिलाने की अपील कर क्षेत्र के व्यापारी अधिवक्ता डॉ शिक्षक पत्रकार किसान आदि प्रबुद्ध वर्ग के नागरिकों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम में पहुंचने की अपील करते हुए योजना बनाई।सांसद ने बैठक में मौजूद प्रबुद्ध वर्ग के बालेंद्र सिंह और पंडित त्रियुगीकांत को अंगवस्त्रम व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। बैठक में सांसद प्रतिनिधि संत प्रसाद पांडेय, मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह, विजय शंकर शुक्ला, शिवराम सिंह परिहार, जिला कोषाध्यक्ष अनूप केशरवानी, मीडिया प्रभारी दिनेश तिवारी, दिलीप कुमार चतुर्वेदी, चतुर्भुज दास गुप्ता, रामखेलावन गुप्ता, गोपाल दास गुप्ता, मूलचंद गुप्ता, पूर्व प्रधान महेंद्र शुक्ला, सभासद सुधा गुप्ता, सुजीत केसरवानी, रोहित केसरवानी, कुशल जैन, विपिन केसरवानी, सतीश विश्वकर्मा, सोमनाथ वर्मा, राजेश केसरवानी आदि के साथ क्षेत्रीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सीओ क्राइम रामसागर का आकस्मिक निधन पर शोक

### पुलिस विभाग ने ईमानदार ऑफिसर खोया

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** जनपद के तेज तर्रार पुलिस ऑफिसर क्षेत्राधिकारी अपराध राम सागर का रविवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके अचानक निधन की सूचना मिलते ही उनके परिजनों, शुभ चिंतकों व विभाग में शोक की लहर व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को बनारस के बीएचयू के पास अचानक हृदयगति रुक जाने से सीओ रामसागर का निधन हो गया। क्षेत्राधिकारी की पहचान एक नेक व ईमानदार अधिकारी के रूप में रही है। रिटायर्ड पुलिसकर्मियों व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उनके आकस्मिक निधन पर गहरा शोक प्रकट करते हुए उनके परिजनों को इस असहाय वेदना को सहने की शक्ति प्राप्त हो ऐसी प्रकृति से प्रार्थना की गई। लोगो का कहना है कि पुलिस विभाग ने एक तेजतर्रार व ईमानदार अधिकारी को खो दिया है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालो में डा. अम्बेडकर क्लब, डा. अम्बेडकर वेलफेयर एसोसिएशन (दावा), प्रबुद्ध फाउंडेशन के प्रमुख पदाधिकारियों डा. अजय भारती, अजय भारती लल्ला कुमार अहेरवार, सीएल कुशवाहा, करन कुमार, जियुत प्रसाद, रामेन्द्र नाथ, लालसा राम, डा. एसपी सिद्धार्थ, जीडी गौतम, आईपी रामबृज आदि प्रमुख रहे।

# प्रभु प्रेम भक्ति की तल्लीनता से मुक्ति का मार्ग होता है प्रशस्त - पं.धर्मेन्द्र शास्त्री

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** क्षेत्र के देवनहरी गांव में संगीतमय चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के श्रीधाम वृंदावन से पधारे कथा व्यास पंडित धर्मेन्द्र उपाध्याय शास्त्री जी ने ध्रुव चरित्र एवं प्रहलाद चरित्र की कथा के पश्चात नारायण अवतारी बामन देव की कथा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु को भी चाहिए कि अपने शिष्य को सदमार्ग की ओर ले जाने प्रथम करना चाहिए अन्यथा एक दिन ऐसा आएगा कि शिष्य को अपूर्ण ज्ञान होने पर गुरु सामाजिक दृष्टि से निंदा का पात्र



होगा। कथा व्यास ने कहा भक्त पहलाद भगवान विष्णु के परम भक्त थे इसके साथ वह राक्षस राज हिरण्य कश्यप के पुत्र भी थे परन्तु प्रहलाद की त्याग तपस्या श्री हरि के चरणों में भक्ति भावना को देखते हुए राक्षस हिरण्य कश्यप आए दिन प्रहलाद को श्री हरि भजन करने से रोका करता था एक दिन क्रोध में आकर प्रहलाद पर जैसे ही तलवार उठाया त्यों ही श्री हरि खंभे में श्री नरसिंह भगवान के रूप में प्रकट होकर हिरण्य कश्यप का उदर फाड़कर बध करते हुए उसका उद्धार किया। रोचक कथा सुनाते हुए कथा व्यास ने कहा अगर मनुष्य ईश्वर प्रेम त्याग तपस्या की आनंद में तल्लीन हो जाता है। उन्होंने कहा हर माता-पिता का दायित्व है कि अपने बच्चे को ध्रुव एवं प्रहलाद जैसे संस्कारवान बनाते हुए शिक्षा दीक्षा संस्कृत के साथ प्रभु भक्ति में भी लगाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संकल्प आपके सिद्ध हो तो साधन मायने नही रखता। जिस प्रकार दो पग में बामन भगवान ने राजा बलि का पूरा साम्राज्य माप लिया। राजा बलि ने तीसरा पैर अपने सर पर रखने को बोला उनके इस संकल्प पर अड़े रहने से सुतल लोक का राजा बना दिया।

संकल्प में आप प्रभु के प्रति जो समर्पित करेंगे प्रभु उससे कहीं अधिक देंगे साथ में कष्ट, दुख तथा पाप का निवारण भी करते हैं। श्रीमद् भागवत कथा के रसपान से मोक्ष की प्राप्ति व मुक्ति का मार्ग सुगम होता है। इसके साथ साथ घर में सुख शांति के अतिरिक्त समृद्धि तथा परिजनों पर प्रभु की छाया निरंतर बनी रहेगी। कथा विश्राम पर मुख्य यजमान इं. हरिप्रसाद शुक्ला एवं श्रीमती चन्द्र कला शुक्ला ने व्यासपीठ एवं आवाहित देवी देवताओं की आरती उतारी तत्पश्चात प्रसाद का वितरण कराया। इस अवसर पर आयोजक इं.आनन्द कुमार शुक्ला व आशुतोष कुमार शुक्ला, भाजपा नेता संजय मिश्रा बनकटा, वरिष्ठ अधिवक्ता देवराज उपाध्याय, चिंतामणि शुक्ला, कृष्ण बल्लभ द्विवेदी, प्रमोद आजाद, रविन्द शास्त्री, शिखा मिश्रा, राम सजीवन शुक्ल, बालकृष्ण शुक्ल सहित आदि श्रद्धालु श्रोता वक्तों ने कथा पंडाल में उपस्थित होकर आनंदित होते हुए कथा का रसपान किया।

# पल्लेदार की इलाज के दौरान हुई मौत के मामले में व्यापारी पर दर्ज हुआ मुकदमा

## गोदाम में बोरियो के नीचे दबने से हो गया था घायल, पैंतीस वर्षो से व्यापारी के यहां करता था दैनिक मजदूरी

### बिना एफआईआर हुए अंतिम संस्कार से कर दिया था मना

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** व्यापारी के यहां काम करते समय बोरियो के नीचे दबकर दलित पल्लेदार गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसकी इलाज के दौरान शुक्रवार को मौत हो गई। परिजनों ने बिना एफआईआर के शव को दफनाने से मना कर दिया। बेटे की तहरी पर पुलिस ने व्यापारी के ऊपर मुकदमा दर्ज कर लिया। उसके बाद मृतक का अंतिम संस्कार हुआ।

स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के अर्जुनपुर निवासी राम मिलन सरोज ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया की उसके पिता मुनेश्वर सरोज (55) रानीगंज कैथौला निवासी व्यापारी गोविंद केसरवानी के यहां लगभग पैंतीस वर्षो से दैनिक मजदूरी करता चला आ रहा था। बीते 13 नवंबर को वह गोदाम में खाद की बोरी निकाल रहा था।अचानक बोरियो की छल्ली उसके ऊपर गिर गई जिसमे वह दबकर गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया था। जब उसे होश आया तो व्यापारी ने उसे पांच सौ रुपए देकर इलाज के लिए भेज दिया।घायल अवस्था में जैसे ही कुछ दूर गया की वह पुनः गिर गया और बेहोश हो गया।व्यापारी के बेटो ने अपनी कार से उसे लालगंज ले गए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालात नाजुक देखते हुए प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया।व्यापारी ने घटना की सूचना परिजनों को दी।मौके पर पहुंचे परिजनों को व्यापारी ने तीन हजार रुपया देकर घर वापस आ गया। पीड़ित परिजनों ने इलाज के लिए दुबारा रुपए की मांग की तो उसे जाति सूचक शब्दो का इस्तेमाल करते हुए भद्दी-भद्दी गालियां देकर रुपया देने से मना कर दिया।दलित मजदूर की शुक्रवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।परिजन शनिवार को शव लेकर गांव आए। ग्रामीणों व परिजनो ने कहा की जब तक व्यापारी पर एफआईआर नही होगी तब तक शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। जानकारी मिलते ही रविवार की सुबह पुलिस भी आ गई।मृतक का बेटा राम मिलन ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने शीघ्र एफआईआर दर्ज करने की बात कही।लेकिन घंटो बीत जाने के बाद भी मामला दर्ज न होते देख लोग अक्रोशित होने लगे।इसकी भनक लगते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर एफआईआर की कांपी दी तो लोगों का आक्रोश शांत हुआ,उसके बाद मृतक का गांव में ही दोपहर बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। उसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली।



पल्लेदार के घर पर जुटी पुलिस व परिजनों की भीड़।

# दिनदहाडे.बदमाशो ने युवक को मारी गोली, रेफर

## पुलिस कर रही मामले की छानबीन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले में फिर बदमाशों ने पुलिस को सरेआम चुनौती देते हुए युवक को गोली मारकर आसानी के साथ फरार हो गए। सूचना के बाद अपर पुलिस अधीक्षक भारी दल बल के साथ जिला मेडिकल कॉलेज पहुंचे और मामले की जांच पड़ताल की। वहीं घायल युवक की हालत गंभीर देखते हुए जिला मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने उसे प्रयागराज के रेफर कर दिया।

घटना के बार में बताया जाता है कि अंतू थाना क्षेत्र के डंडवा गांव के रहने वाले प्रकाश वर्मा को रविवार को उनके खेत के पास ही अज्ञात बदमाशों ने गोली मार दी। आसपास के लोगों के दौड़ने पर बदमाश फरार हो गए और इसकी सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने गंभीर हालत में घायल युवक को प्रतापगढ़ के जिला मेडिकल लाकर भर्ती कराया, जहां सूचना आला अफसरों को हुई तो अपर पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्रा भी दल बल के साथ जिला मेडिकल कॉलेज पहुंचे और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी का उन्होंने दावा किया। वहीं गोली लगने से घायल युवक की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने जिला मेडिकल कॉलेज से प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। फिलहाल घटना किस वजह से हुई है, यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया लेकिन अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रकाश वर्मा अपने खेत के पास खड़े थे तभी उन्हें बदमाशों ने गोली मारी और अब उनकी हालत स्थिर है। पुलिस बदमाषों को पकड़ने के लिये कांबिंग कर रही है।



बदमाशो की गोली से घायल युवक का इलाज करते चिकित्सक।

## पूर्व सीएमओ के डाक्टर बेटे की पिटाई वाला आरोपी धराया

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापढ़।** पूर्व सीएमओ के डाक्टर बेटे से पिटाई का मामले में आरोपी के पिता व मेडिकल कालेज के चर्चित बाबू को पुलिस ने हिरासत में लिया है। कोतवाली में इंस्पेक्टर ने चार घंटे तक आरोपी के पिता से पूछताछ की। बता दें कि बाबू के परिवार के लगभग दर्जन भर लोग मेडिकल कालेज में नौकरी कर रहे हैं। पुलिस ने बाबू के घर परिवार में नौकरी करने वालो की जानकारी जुटाई है। पुलिस ने पूछताछ के बाद बाबू को छोड़ दिया और दो दिन के भीतर सरेण्डर करने का अल्टीमेटम दिया है।

# एकता कलात्मक झांकी से आकर्षक बनेगा पट्टी का भरत मिलाप

## रंग बिरंगी लाइटों से आकर्षक होगा रायपुर रोड

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** 22 नबम्बर की शाम पट्टी नगर स्थित रायपुर रोड रंग बिरंगी लाइटो से चकाचैंध हो जाएगा। जैसे-जैसे शाम गहरी होगी वैसे-वैसे रोशनी की चकाचैंध से पट्टी नगर की गलियां चार चांद लगा देंगी। पट्टी नगर रायपुर रोड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने विद्युत एकता और कलात्मक झांकी का प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम में पट्टी नगर सहित आसपास के दो दर्जन से अधिक गांव के लोग इकट्ठा होते हैं, वही आकर्षक झांकियों से लोगों का भरपूर मनोरंजन होता है।

पट्टी नगर रायपुर रोड पर लगातार सात वर्षों से यह आयोजन सभी लोगों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। सामाजिक समरसता और एकता को बढ़ावा देने तथा पट्टी के मेले में भरत मिलाप के अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, जिसमें गैर जनपद से झांकी के कलाकार अपने आकर्षक झांकियों से लोगों का मन मोह लेते हैं। राधा कृष्ण, कृष्ण सुदामा, भगवान भोलेनाथ पार्वती भस्मासुर, भगवान राम, सभी का भूमिका अदा करके झांकी के कलाकार भक्ति और आस्था का सैलाब लेकर कार्यक्रम में लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन जाते हैं। जहां एक तरफ रात नौ बजे के आसपास आकर्षक झांकी से लोगों का मनोरंजन होता है उसके पहले कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया जाता है। लोगो को साहित्य के रस से सराबोर कर दिया जाता है, वहीं समाज के हर क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया जाता है।

# उम्मीदवार नाम निर्देशन दाखिल करने की तैयारियॉ समय से पूरी करेंः डीएम

## नगर निकाय सामान्य निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिये सूचनाएं जारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) डा0 नितिन बंसल ने बताया है कि राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश द्वारा नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2022 में निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों की सुविधा हेतु नाम निर्देशन के समय नाम निर्देशन पत्र के साथ विभिन्न अभिलेख/प्रमाण पत्र संलग्न किये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक सूचनायें जारी कर दी गयी है ताकि उम्मीदवारों द्वारा नाम निर्देशन पत्र के साथ प्रस्तुत किये जाने वाले अभिलेखों/प्रमाण पत्रों को समय से तैयार कराया जा सके।

नगर निकाय सामान्य निर्वाचन उम्मीदवारी हेतु अर्हतायें नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत अध्यक्ष हेतु वह सम्बन्धित नगर निकाय का निर्वाचक हो एवं 30 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत सदस्य हेतु वह सम्बन्धित नगर निकाय का निर्वाचक हो एवं 21 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो। कोई भी व्यक्ति नगर पालिका परिषद/ नगर पंचायत के सदस्य पद पर निर्वाचित होने के लिये उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा-13-घ तथा अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने के लिये उक्त अधिनियम की धारा-43-कक(2) में वर्णित प्रावधानों के अनुसार अनर्ह होगा।

विभिन्न पदो के निर्वाचन हेतु नाम निर्देशन पत्र का मूल्य, जमानत की धनराशि तथा निर्वाचन व्यय की अधिकतम सीमा के सम्बन्ध में बताया गया है कि अनारक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों के लिये अध्यक्ष नगर पालिका परिषद हेतु 25 से 40 वार्ड के लिये नाम निर्देशनों पत्रों का मूल्य 500 रुपए, जमानत धनराशि 8000 रुपए तथा अधिकतम व्यय सीमा 9 लाख रुपए निर्धारित है तथा 41 से 55 वार्ड के नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद हेतु नाम निर्देशन पत्रों का मूल्य 500 रुपए, जमानत धनराशि 8000 रुपए व अधिकतम व्यय सीमा 12 लाख निर्धारित है। इसके अतिरिक्त अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/महिला उम्मीदवारों के लिये अध्यक्ष नगर पालिका परिषद पद हेतु 25 से 40 वार्ड के लिये नाम निर्देशनों पत्रों का मूल्य 250 रुपए, जमानत धनराशि 4000 रुपए तथा अधिकतम व्यय सीमा 9 लाख रुपए निर्धारित है तथा 41 से 55 वार्ड के नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद हेतु नाम निर्देशन पत्रों का मूल्य 250 रुपए, जमानत धनराशि 4000 रुपए व अधिकतम व्यय सीमा 12 लाख निर्धारित है।

# बच्चा बैंक ने खेल प्रतिभाओं को मेडल से नवाजा

## फ्री स्टडी सेंटर भंगवा में आयोजित समारोह में सम्मानित किए गए नौनिहाल

### खेल के साथ साथ पढ़ाई भी चलनी चाहिएः सीपी मिश्रा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला स्टेडियम में आयोजित बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी ने सम्मान समारोह आयोजित कर मेडल से नवाजा। ग्रुप के फ्री स्टडी सेंटर भंगवा में आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी सीपी मिश्रा ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उन्हें उत्साहवर्द्धन किया।

उन्होंने कहा कि खेल के साथ साथ पढ़ाई भी जरूरी है। खेल से शारीरिक विकास और मानसिक विकास होता है। उन्होंने बच्चा बैंक द्वारा जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा के लिए चलाए जा रहे अभियान की सराहना की। एसआई मंजीत डबास ने कहा कि खेलों इंडिया का हिस्सा बनो। समारोह में नीरज, रमाशंकर पटेल, युवराज, अंश, सिमरन, शुभम,प्रिया समेत कई खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर खिलाड़ी काफी खुश नजर आए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेंटर के प्रिंसिपल शनि सरोज ने की। संचालन छात्र साहिल ने किया। इस मौके पर रागिनी, नैंसी, निखिल, शुभम, दामिनी, राहुल समेत कई खिलाड़ी मौजूद रहे।

# मेधाशक्ति के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से भारत विकसित कर रहा क्षमताः प्रमोद तिवारी

## राज्यसभा सदस्य ने युवा सशक्तीकरण कार्यक्रम में ज्ञानार्जन पर किया फोकस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने युवाओं व छात्रो से मेधा के क्षेत्र में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को जारी रखते हुए देश को दुनिया का नेतृत्वकर्ता बनाए जाने के संकल्प को मजबूत बनाने का आहवान किया है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा है कि युवा आत्मनिर्भरता के लिए छात्र जीवन में ज्ञानवर्धन का सर्वश्रेष्ठ मुकाम हासिल करने की ओर संकल्पबद्ध हो।

रामपुर बावली के विद्याधर मिश्र सरस्वती विद्या मंदिर एवं विज्ञान एवं अनुसंधान महाविद्यालय में रविवार को युवा सशक्तीकरण कार्यक्रम मे बतौर मुख्यअतिथि प्रमोद तिवारी ने शिक्षा मनीषियों से पुरजोर आहवान करते हुए देश को मेधा की सर्वश्रेष्ठ पीढ़ी के निर्माण में योगदान दिये जाने का भी आहवान किया। उन्होनें स्वयं तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से रामपुर बावली-रायपुर तियाई हाइवे से विद्यालय तक छात्रों के आवागमन के लिए पिच मार्ग की भी सौगात दिये जाने का ऐलान किया। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने कहा कि अशिक्षा के अभिशाप को दूर करने के लिए शिक्षकों को प्रभावी भूमिका में अपना बेहतर योगदान देना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के संरक्षक डा. अरूण शंकर मिश्र व संचालन प्रबंधक डा. अजयशंकर मिश्र ने किया। प्राचार्य डा. धनंजय मिश्र ने शैक्षिक प्रगति आख्या प्रस्तुत की।



मेधावियों को स्मार्ट फोन प्रदान करते राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी।



स्मार्ट फोन वितरण समारोह में मौजूद अतिथिगण।

## स्मार्टफोन का सकारात्मक पक्ष अपनाएं छात्र-छात्राएंः विद्यासागर

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** आधुनिक शिक्षा का ज्ञान बगैर कंप्यूटर अथवा स्मार्टफोन के संभव नहीं है, इसलिए छात्र छात्राओं के लिए स्मार्टफोन एक आवश्यक आवश्यकता बन गया है। छात्र-छात्राएं स्मार्ट फोन का सकारात्मक पक्ष अपनाएं। उक्त बातें वैष्णो देवी प्रशिक्षण महाविद्यालय गोदाही कुंडा में स्मार्टफोन का वितरण करते हुए बतौर मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य शिक्षाविद विद्यासागर पांडे ने कही। इस मौके पर बीडी इंटर कॉलेज पूरे बुद्धिधर से सेवानिवृत्त शिक्षक व प्रबंधक छोटे लाल यादव ने इस अवसर पर अपने सहयोगी सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य सर्वश्री विद्यासागर पांडे तथा शिक्षक उमाशंकर तिवारी, विमल सिंह, राम आसरे यादव, रामप्यारे शुक्ला, दिनेश धर द्विवेदी, लालता प्रसाद द्विवेदी, रामेश्वर नाथ मिश्र, जगदीश प्रसाद सरोज व रमेश कुमार शुक्ला को माल्यार्पण करते हुए अंगवस्त्रम से सम्मानित किया। महाविद्यालय के छात्र पुनीत कुमार शिवम पांडे नीलू सरोज कंचन यादव करिश्मा पटेल प्रीति सरोज व रुचि यादव समेत 492 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया गया। समारोह का संचालन शिक्षक अनिल कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर डॉ धर्मेंद्र सिंह, दिनेश कुमार यादव, डॉ शिवानी गुर्जर, आदर्श सिंह समेत अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं शिक्षणेत्तर कर्मचारी व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# अभविप ने धूमधाम से मनाई महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती

## शोभा यात्रा में छात्राओं ने किया लक्ष्मीबाई की वेषभूषा का प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रतापगढ़ जिले के विभिन्न नगर व कालेज इकाइयों द्वारा वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती धूमधाम से मनाई गई। पूर्व जिला प्रमुख डॉ राजेश भट्ट, विभाग संयोजक सुधांशु रंजन मिश्रा व जिला सहसंयोजक यसस्वी सिंह के संयोजन में सरोजनी इंटर कालेज इकाई द्वारा सैकडों छात्राओं के साथ कुशुमी से भुपियामऊ तक शोभा यात्रा निकाली गयी।

शोभा यात्रा के दौरान महारानी लक्ष्मीबाई के वेश-भूषा में छात्राओं ने प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य व बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से कहा कि लक्ष्मीबाई जी का सम्पूर्ण जीवन भारतीय नारियों के लिए प्रेरक व अनुकरणीय है। पीबी पीजी कालेज में आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अमित श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय संस्कृति व परम्परा में नारी हमेशा पूजनीय रही है और जिला प्रमुख डॉ ब्रह्मानन्द सिंह ने कहा कि पूरे विश्व मे इक्कीस से अधिक सभ्यताएं थी लेकिन वर्तमान में सिर्फ पांच सभ्यताएं बची है। पीबी इंटर कालेज में आयोजित संगोष्ठी में छात्राओं ने नारी शक्ति पर गीत व कविता के माध्यम से महारानी लक्ष्मीबाई को श्रद्धां सुमन अर्पित किया। मुख्य वक्ता विभाग प्रमुख डॉ धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा की हमारा देश वीरांगनाओं का देश है।



शोभा यात्रा में लक्ष्मीबाई की वेषभूषा का प्रदर्शन करती छात्राएं।

## तमन्चों व कारतूस के साथ धराए तीन बदमाश

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस को तीन शातिर बदमाशो को मय तमन्चो व कारतूसो के साथ दबोचने मे सफलता मिली है। लालगंज कोतवाल कमलेश पाल को रविवार की तडके मुखबिरी सूचना मिली कि धधुआ गाजन के समीप एक अल्टो कार पर तीन संदिग्ध लोग मौजूद हैं। सूचना मिलते ही कोतवाल भारी फोर्स के साथ धधुआ गाजन मोड पहुंचे तो अल्टो पर सवार बदमाश पुलिस को देख मिश्राइनपुर महिमापुर की तरफ से घुइसरनाथ रोड की तरफ कार लेकर भागने लगे। पुलिस ने पीछा जारी रखा तब तक अमावां के समीप बैरियर के पास तीव्र गति से भाग रही अल्टो अनियंत्रित होकर हाइवे किनारे गडढे मे गिर गयी। पुलिस ने बदमाशो को दबोच लिया। पकडे गये बदमाशो में सांगीपुर थाना के शुभम वैश्य पुत्र मेवालाल सांगीपुर बाजार तथा यहीं के सुनील कुमार वैश्य उर्फ लवली पुत्र शारदा प्रसाद तथा लीलापुर थाना के घूरीपुर हण्डौर निवासी इंद्रमणि सिंह के पुत्र संतोष सिंह की तलाशी ली गयी तो इन आरोपियो मे से दो के पास से अलग अलग तमंचे व तीसरे आरोपी के पास से कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ आर्म्स एक्ट का केस दर्ज कर दोपहर बाद न्यायालय भेज दिया। बदमाशो के पकडे जाने की जानकारी मिलने पर सीओ रामसूरत सोनकर भी कोतवाली पहुंचे। सीओ ने आरोपियो से कडाई से पूछताछ की तो पता चला कि यह आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक मे थे। सीओ ने लालगंज पुलिस की त्वरित कार्यवाही की भी सराहना की है।

# कवि लाल सुरेश कुमार सिंह की काव्य संग्रह नीलिमा का हुआ लोकार्पण

## तृषित स्मृति सम्मान से नवाजी गईं अनेक विभूतियां

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** स्वतंत्र कवि मण्डल द्वारा नगर के सिप्तैन रोड चैक स्थित तृषित आवास राजापुर कोठी में कवि-अधिवक्ता लाल सुरेश कुमार सिंह तृषित के काव्य संग्रह नीलिमा का लोकार्पण समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर अनेक विभूतियों को तृषित स्मृति सम्मान से नवाजा गया, उनमें पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह, साहित्यकार डॉ. दयाराम मौर्य रत्न, जिला बार एसोसिएशन प्रतापगढ़ के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता जयनारायण सिंह, काव्य संग्रह के संपादक अभिमन्यु पाण्डेय आदित्य, यज्ञनारायण सिंह प्रमुख रहे।

कवि तृषित के बड़े पुत्र लाल चन्द्रधर सिंह गगन ने अतिथियों का स्वागत किया। आभार छोटे पुत्र इंदुधर सिंह पुनीत ने प्रकट किया। स्वतंत्र कवि मण्डल के अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने कहा कि तृषित जी उदार व्यक्तित्व के धनी थे। विशिष्ट अतिथि अम्मा साहेब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा ने तृषित जी को उच्च कोटि का कवि-चिंतक बताया। मुख्य अतिथि हरिप्रताप सिंह ने कहा कि तृषित जी ने सदैव साहित्य और समाज हित में काम किया। अध्यक्षता समाजसेवी लाल उर्मिला प्रताप सिंह तथा संचालन कवि सुरेश नारायण दुबे व्योम ने किया। समारोह में तृषित परिवार के सदस्य-संबंधी, समाज के प्रबुद्धजन मौजूद थे।



काव्य संग्रह का लोकार्पण करते अतिथिगण।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संदिग्ध परिस्थितियों मे युवक ने फांसी के फंदे से लटककर मौत हो गयी। लीलापुर थाना के डीहमेंहदी बाबूगंज के मुजम्मिल हुसैन का पुत्र नौशाद आलम 22 रविवार की सुबह घर मे फांसी के फंदे पर झूलता पाया गया। युवक को मृत अवस्था मे देखकर परिजनो मे कोहराम मच गया। अभी हाल ही में उन्तीस अक्टूबर को मृतका का जेठवारा थाना क्षेत्र के भावनपुर के फसियालगढ़ में अख्तर हुसैन की पुत्री मन्तशा के साथ निकाह हुआ था। चर्चा के मुताबिक पति पत्नी ने फोन पर कुछ कहासुनी हुई जिसके चलते युवक ने जान दे दी। सूचना मिलने पर लीलापुर एसओ विनीत उपाध्याय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। इधर मृतक के पिता ने पुलिस को घटना की लिखित सूचना दी।

## अज्ञात चालक के खिलाफ पीड़ित को चुटहिल करने का केस

**लालगंज प्रतापगढ़।** स्कार्पियों द्वारा व्यवसायी को टक्कर मारकर घायल करने को लेकर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ शनिवार की रात केस दर्ज किया है। नगर पंचायत के शीतलमऊ निवासी नंदलाल कौशल पुत्र शंभूलाल ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती उन्नीस नवंबर को दिन मे एक बजे वह बाइक से व्यवसाय के सिलसिले मे निकला था। लालगंज के मदनगढ़-मन्ना का पुरवा के बीच एक अज्ञात स्कार्पियो ने उसे टक्कर मार दी। दुर्घटना मे पीडित का दाहिना पैर टूट गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने व पीडित को चुटहिल करने को लेकर केस दर्ज किया है।



कार्यक्रम का शुभारंभ करते उच्च न्यायालय के न्यायाधीश गौतम चौधरी साथ में खड़े पूर्व विधायक संजय गुप्ता,



केपीएस विद्यालय में खेल का आयोजन करते छात्र।

# केपीएस भरवारी में तीन दिवसीय फिएस्टा 4 कार्यक्रम का हुआ भव्य आगाज

## पूर्व विधायक संजय गुप्ता ने कहा कि फिएस्टा-4 जैसे कार्यक्रम बच्चो के आगे बढ़ाने के लिए मील का पत्थर साबित होगा

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** रविवार 20 नवम्बर से केपीएस भरवारी में तीन दिनी फिएस्टा -4 कार्यक्रम का आगाज हुआ है जो 22 नवम्बर तक चलेगा।केपीएस भरवारी आयोजित फिएस्टा -4 कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जस्टिस हाईकोर्ट इलाहाबाद डॉ गौतम चौधरी का आगमन हुआ। गौरतलब हो कि जस्टिस गौतम चौधरी इलाहाबाद के ऐसे जस्टिस है जिन्होंने हिंदी भाषा मे 5000 से ज्यादा जजमेंट दिया है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जस्टिस गौतम चौधरी द्वारा दीप प्रज्वलित व मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इसके उपरांत फ्लैग हॉस्टिंग हुआ।स्कूल की डायरेक्टर सीमा पवार ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर उनका जोरदार स्वागत किया।

कार्यक्रम में बच्चो ने स्कूल में आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया।जिसमे प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर आये हुए बच्चो को पुरस्कृत किया गया।फिएस्टा-4 कार्यक्रम में पैरेंट्स व बच्चो को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जस्टिस गौतम चौधरी ने कहा कि अनुशासन से सभी कार्य संभव हो जाते है हर मंजिल को पाया जा सकता है।तो हर पैरेंट्स को बच्चो को अनुशासन की सीख देनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि हिंदी मेरी मातृ भाषा है इसीलिए रोजाना 40 मिनट का जजमेंट हिंदी में देता हूँ। हिंदी का विकास देश का विकास है।मुख्य अतिथि ने कौशाम्बी का विश्व स्तर पर नाम रोशन करने वाली खिलाड़ी सुनीता को सम्मानित किया। गौरतलब हो कि जनपद कौशांबी की बेटी सुनीता देवी ने यूथ एशिया एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2022 कुवैत में आयोजित 3000 मीटर रेस में सिल्वर पदक जीतकर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है।

फिएस्टा-4 कार्यक्रम में बच्चों ने रंगा रंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर पैरेन्ट्स व आये अतिथियो का मन मोह लिया। कार्यक्रम मे तालियो की गून्ज से एक खुश नुमा महौल सा छा गया। चेयरमैन एन.डी. ग्रूप व कालेज व पूर्व विधायक चायल संजय गुप्ता ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा की स्कूल मे ऐसे कार्यक्रमो से बच्चो को आगे बढने मे सहायता मिलती है उन्होने कहा की बस मेरा यही लक्ष्य है की ये बच्चे आगे बढे व समाज मे माता पिता गुरू का नाम रोशन करें।उन्होंने कहा कि फिएस्टा जैसे कार्यक्रम बच्चो के आगे बढ़ाने के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

कालेज के चेयरमैन व पूर्व विधायक संजय गुप्ता ने कार्यक्रम मे आये हुये पैरेन्ट्स व अतिथियो को कार्यक्रम मे आने के लिए धन्यवाद दिया । कक्षा 3 से 5 तक बॉयज की 100 मीटर की रेस में पहला स्थान सत्यम केपीएस भरवारी बाजी ने मारी, और गर्ल्स में सौम्या ने पहला स्थान प्राप्त किया, 200 मीटर की दौड़ में कक्षा 9 से 12 तक के बच्चो ने भाग लिया केपीएस भरवारी के मो कैफ वा गर्ल में एन डी भरवारी के मिनाक्षी मिश्रा ने पहला स्थान हासिल किया। इसी प्रकार अमित चौधरी भीटी वा एन डी की कल्पना ने 200 मीटर की दौड़ में पहला स्थान हासिल किया। 9 से 12 क्लास के 400 मीटर कि दौड़ में केपीएस भरवारी के संजय वा गर्ल्स में मोनी पांडे भीटी की पहला स्थान प्राप्त किया। किड्जी के बच्चों ने 50 मीटर की दौड़ में रुद्रेश वा त्रिशा ने बाजी मारी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अभिभावक गण मौजूद रहे।

## पांच चक्र में आयोजित शतरंज प्रतियोगिता में छात्रों ने लिया भाग



शतरंज खेल में मेडल प्राप्त करने वाले छात्र।

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिला शतरंज स्पोर्ट्स एसोसिएशन और मोहन लाल इंटरनेशनल स्कूल सोखदा के संयुक्त तत्वावधान में 19 नवम्बर को आयु 13 जिला शतरंज चयन प्रतियोगिता का शुभारंभ मोहन लाल इंटरनेशनल स्कूल सोखदा इमामगंज में विद्यालय के संरक्षक अमर सिंह यादव ने खेल का शुभारंभ किया यह प्रतियोगिता पांच चक्रो में की गई जिनके परिणाम निम्न हैं।

**बालक वर्ग में प्रथम स्थान** – राधे कृष्णा त्रिपाठी विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल को **द्वितीय स्थान** – शिखर केसरवानी मोहन लाल इंटरनेशनल को **तीसरा स्थान** – नैतिक जायसवाल मोहन लाल इंटरनेशनल को **चौथा स्थान** – तनिष्क जायसवाल विन्ध इंटर कालेज को **पांचवां स्थान**– विराज शुक्ल मोहन लाल इंटरनेशनल स्कूल को **छठा स्थान**– राम सेवक विन्ध इंटर कालेज को **सातवा स्थान** – स्कंद शुक्ल मोहन लाल इंटरनेशनल स्कूल को **आठवां स्थान**– रत्नेश कुमार विन्ध इंटर कालेज को मिला।

**बालिका वर्ग में प्रथम स्थान** – दीपाली राजपूत मोहन लाल इंटरनेशनल स्कूल को **द्वितीय स्थान** – अन्नू कुमारी मोहन लाल इंटरनेशनल स्कूल को **तीसरा स्थान** – रितिका पाल मोहन लाल इंटरनेशनल स्कूल को मिला सचिव राघवेन्द्र शुक्ल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले के कुल 30 बच्चों ने भाग लिया और प्रथम दो खिलाड़ी (बालक और बालिका) का चयन आगरा में हो रही व-13 राज्य स्तरीय शतंरज प्रतियोगिता के लिए किया गया इस प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि विधालय के संरक्षक अमर सिंह यादव के द्वारा खिलाड़ियो को पुरस्कृत किया गया जिला सचिव राघवेन्द्र शुक्ल प्रतियोगिता के निर्णायक आभास त्रिपाठी और संजीत कुमार जायसवाल विद्यालय के अजित उपाध्याय शिखा सिंह, मीना शुक्ला, निधि सिंह उपस्थित रहे।



इंदिरा गांधी की जयंती पर फल वितरित करते कांग्रेसी।

## धूमधाम से मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई है इस मौके पर कांग्रेस कमेटी कार्यालय में इंदिरा जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया है और उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए उनके साहस और बलिदान की चर्चा की गई है पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न इंदिरा गांधी की जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय मे पहुंचकर कांग्रेस जनों ने इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया उन्हें श्रद्धांजलि दिया इसके उपरांत कांग्रेसी नेता वृद्धजन आश्रम में पहुंचे और वृद्धजनों को फल वितरण करके सेवा दिवस के रूप मे पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती मनाई इस मौके पर जितेंद्र कुमार शर्मा प्रदेश महासचिव मानवाधिकार विभाग एवं पीसीसी सदस्य हर्षवर्धन दुबे प्रदेश महासचिव मानवाधिकार विभाग ज्ञान सिंह लोधी कामगार जिलाध्यक्ष मनोज लोधी अजय सेन दिलीप सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## दबंगों ने डम्फर चालक को पीटकर छीनी नगदी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के बरियावां गांव निवासी गैंदलाल पुत्र रिवाई डम्फर चालक है और 19 नवंबर को वह डम्फर लेकर सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के जयंतीपुर गांव स्थित राम सजीवन सिंह डिग्री कॉलेज के पीछे टाटा प्रोजेक्ट कंपनी के पास गए थे जहां पहले से उनकी बालू रखी थी वह अपनी बालू को ट्रैक्टर में उठवा रहे थे इसी बीच दबंग रजनीश पांडेय पहुंचे और पीने के लिए गेंद लाल से बीड़ी मांगा लेकिन गेंद लाल ने कहा कि उनके पास बीड़ी नहीं है जिससे दबंग रजनीश पांडे आक्रोशित हो गए और गाली गलौज करने लगे जब गेंद लाल ने गाली गलौज देने से मना किया तो उन्होंने फोन करके अपने कई साथियों को मौके पर बुला लिया और लाठी डंडे से बेरहमी से गेंद लाल की पिटाई की है आरोप है कि गेंद लाल के पास मौजूद 30 हजार रुपए नगद भी मारपीट के दौरान दबंगों ने छीन लिया है दबंगों के हमले से गैंदलाल को चोटे आई हैं मामले की सूचना उन्होंने हंड्रेड डायल पुलिस को दिया है घटनास्थल पर हंड्रेड डायल पुलिस पहुंची है और उसके बाद मामले की सूचना गेंद लाल ने स्थानीय थाना पुलिस को दिया लेकिन तहरीर लेने के बजाय पुलिस ने गेंद लाल की तहरीर फेक दी है घटनास्थल पर थाने के दो सिपाही पहुंचे हैं और वह आरोपियों पर कार्यवाही करने के बजाय गैंदलाल पर ही दबाव बनाते देखे गए हैं वह गेंद लाल के डम्फर को थाने ले जाकर चालान करने का दबाव बना रहे थे जबकि आरोपियों पर 24 घंटे बीत जाने के बाद किसी प्रकार की कार्यवाही थाना पुलिस ने नहीं की है जिससे पीड़ित गेंद लाल तहरीर लेकर आईजी जोन और अपर पुलिस महानिदेशक कार्यालय पहुंचा है लेकिन पुलिस अधिकारियों से मुलाकात नहीं हो सकी है गेंद लाल का कहना है कि दबंगों के खिलाफ कार्यवाही के साथ-साथ दबंगों का साथ देने वाली पुलिस पर भी कार्रवाई की जाए।

## तीन थानों का एसपी ने किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशांबी द्वारा थाना पिपरी, थाना सराय अकिल व थाना कौशांबी का औचक निरीक्षण किया गया। थाना कार्यालय के रजिस्टरों व अभिलेखों को चेक किया गया एवं उनको अधयावधि रखने व रख-रखाव हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा विवेचकों को लंबित विवेचनाओं के निस्तारण हेतु आदेश दिए गए। महिला हेल्प डेस्क तथा साइबर हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया गया व मेस में भोजन की गुणवत्ता को चेक किया गया एवं बैरकों और थाना परिसर के अन्य भवनों का भी निरीक्षण किया गया तथा साफ सफाई हेतु निर्देशित किया गया व सर्वसंबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान थाने में अपनी समस्या लेकर आये फरियादियों की समस्याओं को भी सुना गया तथा उनके निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 09 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से तीन थाना सराय अकिल से दो थाना पिपरी से तीन थाना कड़ाधाम से एक कुल 09 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर पर दूरभाष के द्वारा सूचना मिली की चक नगर प्रथम में एक व्यक्ति द्वारा अपने पत्नी के साथ मार-पीट की जा रही है। इस सूचना पर तत्काल थाना मंझनपुर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर पीड़िता को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया तथा इस सम्बन्ध में थाना मंझनपुर पर मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर चक नगर प्रथम से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त मोबीन अहमद पुत्र अब्दुल अब्बास निवासी फैजीपुर थाना मंझनपुर हाल पता चक नगर प्रथम थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।



स्टाफ नर्सों को सीडीओ ने दिया नियुक्ति पत्र।

## नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरित करते सीडीओ साथ में खड़े सीएमओ

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लोकभवन सभागार, लखनऊ में आयोजित उ0प्र0 लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 1354 स्टाफ नर्सों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में स्टाफ नर्सों को नियुक्ति पत्र वितरित किया, इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में किया गया तथा उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री के संबोधन को सुना मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती अनीता त्रिपाठी ने 1354 में से जनपद कौशांबी से चयनित 03 स्टाफ नर्सों- ज्योति मिश्रा निवासी- ग्राम अंबई बुजुर्ग, श्रीमती ममता सिंह निवासी- ग्राम खैरात अली चकनारा एवं राम प्रकाश सिंह निवासी - लौधना कुमहियावाँ को नियुक्ति पत्र दिया है इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुष्पेंद्र कुमार, ए0 सी0एम0ओ0 डॉ0 के0 डी0 सिंह व वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ0 यश अग्रवाल सहित अन्य संबंघित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## कौशांबी के खिलाड़ियों ने कानपुर में लहराया परचम



खिलाड़ियों को माल्यार्पण कर स्वागत करते लोग।

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिले के खिलाड़ियों ने कानपुर खेल में जिले का परचम लहराया है खेल में जीत दर्ज करने वाले खिलाड़ियों के वापस आने पर उन्हें माल्यार्पण कर उनका जोरदार स्वागत किया गया है एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब सम्भाग स्तरीय खेलकूद समारोह कानपुर में आयोजित हुआ जिसमें अंचल कौशाम्बी से 13 खिलाड़ियों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन कर खेल में जीत दर्ज की है जिस पर कौशांबी के सभी खिलाड़ियों को मेडल से सम्मानित किया गया कौशांबी के खिलाड़ियों के मेहनत से अंचल कौशाम्बी का नाम रोशन किया।

कौशांबी के खिलाड़ियों के जीत की खुशी में संच चायल विद्यालय ग्राम मोहम्मदपुर से कोमल पुत्री गुलाठी लाल ने 50 मीटर की दौड़ में प्रथम और 100 मीटर की दौड़ में दूसरा स्थान प्राप्त किया कानपुर से वापस खिलाड़ियों के गांव पहुँचते ही लोगो ने कोमल को फूल माला पहनाकर ढोल नगाड़ा के साथ भव्य स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया कोमल की जीत से पूरे गांव में खुशी का माहौल रहा।स्वागत समारोह में उपस्थित अंचल समिति से प्रमोद चंद्र संच चायल के अध्यक्ष पुरषोत्तम दास संच उपाध्यक्ष मनीष केशरवानी राजेन्द्र कुमार, प्राथमिक विद्यालय के सभी शिक्षक गण, अंचल अभियान प्रमुख कृष्ण मूरत सिंह संच प्रमुख चायल बहन पूनम आशीष कनौजिया आचार्या अनिता ग्राम प्रधान आकिब ग्राम प्रमुख संतोष साहू सत्संग प्रमुख मुन्नू, मनोज कुमार, चौहान व अन्य ग्राम समिति उपस्थित रहे।

### डॉ0 देवेश सिंह यादव को उत्तर प्रदेश विद्यालीय हैण्डबाल टीम का नियुक्त किया गया चयनकर्ता

**अखंड भारत संदेश**


**कौशाम्बी।** डा. भीमराव अम्बेडकर राज्य विद्यालीय क्रीडा संस्थान, उ0प्र0 स्टेडियम, अयोध्या द्वारा डॉ0 देवेश सिंह यादव प्रवक्ता जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान को दिनांक 19 नवम्बर से 22 नवम्बर चल रही 66 वीं प्रदेशीय विद्यालीय हैण्डबाल प्रतियोगिता प्रयागराज में टीम का चयनकर्ता नियुक्त किया गया है। उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य डायट अनिल कुमार ने प्रदेश स्तरीय हैंड बाल प्रतियोगिता का चयनकर्ता नियुक्त होने पर शुभकामनाएं देते हुए,भविष्य में निष्पक्ष ढंग से अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित भी किया। सभी डायट प्रवक्ता कौशलेंद्र मिश्र, धीरज कुमार नितीश कुमार,डा0 स्वेता कुमारी , डा0 देवेंद्र कुमार मिश्र, सुरेश चंद्र मिस्त्र सहित समस्त स्टॉफ ने इस महत्त्वपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई दी।

## भवंस मेहता विद्याश्रम के छात्रों के बीच हुआ वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन

### सीनियर इंटर हाउस बालीबाल मैच के फाइनल मुकाबले में मेहता हाउस ने मुंशी हाउस को हराकर चैंपियन ट्राफी अपने नाम किया

**अखंड भारत संदेश**

**भरवारी कौशाम्बी।** भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी के मैदान में शनिवार को सीनियर इंटर हाउस वालीबाल मैच का पहला सेमीफाइनल नेहरू और मुंशी हाउस के बीच खेला गया जिसमे मुंशी हाउस ने नेहरू हाउस को 26-24 से शिकस्त देते हुए फाइनल में अपनी जगह पक्की की।इसी क्रम में दूसरा सेमीफाइनल मेहता हाउस और मालवीय हाउस के बीच हुआ जिसमें मेहता हाउस ने 25-10 के अंतराल से मैच जीतकर फाइनल में जगह बनाया। इस प्रकार से फाइनल मुकाबला मेहता हाउस और मुंशी हाउस के बीच खेला गया।दोनो टीमों के बीच कड़ा और रोमांचक मुकाबला देखने को मिला जिसमे मेहता हाउस ने मुंशी हाउस को कड़ी टक्कर देते हुए 25-15 और



खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव।

25-20 के सीधे सेटों में हराकर ट्राफी अपने नाम किया।मैच में निर्णायक की भूमिका खेल शिक्षक सुधाकर सिंह ने अदा किया।आज मैच शुरू होने से पहले सर्वप्रथम प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने मैच का उद्घाटन किया एवं सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए होने वाले सभी मैचों के लिए सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दिया।मैच जीतने के उपरांत प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव एवं सभी शिक्षकों ने मेहता हाउस को चैंपियंस ट्राफी जीतने की बधाई दिया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को वालीबाल खेल के प्रति उत्साह और जागरूक बनाने के उद्देश्य से एक मैच शिक्षकों एवं सीनियर विद्यार्थियों के बीच खेला गया जो मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा।मैच के दौरान सभी वरिष्ठ अध्यापकों के साथ साथ शिक्षक नागेन्द्र द्विवेदी सुशील श्रीवास्तव सचिन त्रिपाठी संदीप त्रिपाठी विवेक शंकर चतुर्वेदी,शिवम केशरवानी,खुशबू गुप्ता,विवेक केशरवानी,सीता यादव,सूरज मिश्रा व अन्य सभी शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### शटर खोलकर नगदी सामान उठा ले गए चोर

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के सोनारन टोला मोहल्ले में मोहम्मद शमीम ने किराने की दुकान खोल रखी है प्रतिदिन की तरह शनिवार की रात वह दुकान बंद कर घर चले गए पूरा परिवार खाना खाने के बाद सो गया दुकान मालिक समीम के बड़े भाई मोहम्मद मोबीन पुत्र मोहम्मद शरीफ में पुलिस को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि पूरा परिवार घर में सो रहा था और आधी रात को चोर घर में कूदकर आंगन में पहुंचे और बरामदे में रक्खी दुकान की चाबी लेकर शटर खोल दिया है और दुकान के अंदर काउंटर में रखा लगभग 30 हजार रुपए नगद और 3 फाइल सिंगरेट उठा ले गए हैं घटना की जानकारी परिजनों को सुबह हुई है मामले की सूचना दुकान मालिक समीम के भाई मोहम्मद मोबीन ने पुलिस को दी है।

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो-पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 327 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा एक वाहन का चालान कर 500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

## अनावश्यक पुलिसिया उत्पीड़न और ओवरलोडिंग के खिलाफ विधायक ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

### विधायक डॉ पल्लवी पटेल ने पुल निर्माण में धांधली और कमीशन खोरी का आरोप सरकार और उनके लोगों पर लगाया है

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** सिराथू विधानसभा से अपना दल समाजवादी गठबंधन की विधायक डॉ पल्लवी पटेल ने रविवार को पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए कहा है कि जिले में अनावश्यक रूप से आम जनमानस के साथ पुलिसिया उत्पीड़न किया जा रहा है इसे तत्काल रोका जाए उन्होंने कहा कि ओवरलोडिंग वाहनों से दुर्घटनाएं होती हैं ओवर लोडिंग वाहन को रोके जाने की मांग सिराथू विधायक डॉ पल्लवी पटेल ने पुलिस अधीक्षक से की है एक दिन पहले शनिवार को डॉ पल्लवी पटेल ने गंगा नदी शहजादपुर में बने 292 करोड़ की लागत से पुल का निरीक्षण किया है।

पुल निर्माण के कुछ महीने बाद ही कई मीटर पुल धसा गया है जिससे दुर्घटना की आशंका थी डॉ पल्लवी पटेल ने पुल निर्माण में धांधली और कमीशन खोरी का आरोप सरकार और उनके लोगों पर लगाया है उन्होंने पुल निर्माण की उच्च स्तरीय जांच किए जाने की भी मांग की है उम्मीद जताई जा रही है कि जिले में ओवर लोडिंग और पुलिसिया उत्पीड़न नहीं बंद हुआ तो जल्द ही विधानसभा में सवाल जवाब हो सकता है इस दौरान उनके साथ पूर्व मंत्री महेश चंद्र सोनकर पूर्व चेयरमैन कैलाश चंद्र केसरवानी जिला अध्यक्ष अपना दल विनोद कसेरा कमलेश पटेल डॉक्टर असलम मिनहाजुल कासिम हुसैन आशीष मौर्य तिलक पटेल आशीष पासी जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी दयाशंकर यादव बद्री प्रसाद पटेल आनंद पटेल कुलदीप सिंह पटेल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### निकाय चुनाव को लेकर सकिपा की बैठक सोमवार को

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में कल सोमवार को जिला कार्यालय मंझनपुर में निकाय चुनाव को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में जनपद के नगर निकाय चुनाव को लेकर पार्टी नेताओं एवं कार्यकताओं के बीच विचार विमर्श किया जाएगा। बैठक में पार्टी के सभी कार्यकताओं को शामिल होने का पार्टी नेता अजय सोनी ने आह्वान किया है।

### सड़क हादसे में विधायक पूजा पाल के गनर चालक घायल

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** डिंपल यादव के चुनाव प्रचार में मैनपुरी जा रहीं विधायक चायल पूजा पाल की कार कन्नौज के तिर्वा कोतवाली के पचोर गांव के पास अनियंत्रित टैंकर से टकरा गयी हादसे में गनर ड्राइवर सहित तीन लोगों को गंभीर चोट लग गयी है बताया जाता है कि इस हादसे में विधायक पूजा



पाल बच गई है लेकिन उनके गनर ड्राइवर सहित तीन लोग घायल हैं हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची है और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को सीधा करा कर घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

संपादकीय

## अगर लोग शाकाहारी नहीं बने तो लाशों पर लाशों का होगा नजारा, लाशें उठाने वाले नहीं मिलेंगे

**निजधामवासी** परम सन्त बाबा जयगुरुदेव जी के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी, इस समय के युगपुरुष, पूरे समरथ सन्त सतगुरु बाबा उमाकान्त जी महाराज ने 18 नवंबर 2022 प्रातः रीवा (म.प्र.) में दिए व अधिकृत यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम पर लाइव प्रसारित संदेश में बताया कि त्रेता का इतिहास मिलता है किसान खेत पर खड़ा होकर पानी मांगता था, बादल आकर बरस जाते थे लेकिन सतयुग में तो मांगना भी नहीं पड़ता था। एक बार बो करके चले आते थे। जिस भी खेत को जब भी जरूरत पड़ती, उस खेत में बादल आकर करके पानी दे करके चले जाते थे। सतयुग में एक बार लोग बोते और 27 बार काटते थे।

सतयुग का इतिहास लोग कम पढ़ पाते हैं, उस समय सिर्फ संस्कृत भाषा थी

सतयुग में केवल संस्कृत भाषा चलती थी। संस्कृत में लिखा होने से लोग कम जानते हैं। त्रेता और द्वापर का इतिहास अवधी हिंदी में लिखा गया यह भी पहले संस्कृत में था। गोस्वामी जी ने पहले घट रामायण की रचना किया। जब लोग नहीं समझ पाए तो हिंदी भाषा अवधी भाषा में रामचरितमानस की रचना कर दिया। राम का चरित्र जो मानस के अंदर में हो रहा है वह लिखा।

सतयुग आ जाए तो सब समस्या हो जाए दूर

लेकिन यह भी आपको बता दें जब एक युग बदलता है, दूसरा युग आता है तो जैसे एक गद्दी पर दो राजा एक साथ नहीं बैठ सकते। एक जब हटेगा तब दुसरा आएगा। आसानी से जगह कोई नहीं छोड़ता है। किराएदार से मकान खाली करने में कितनी दिक्कत होती है क्योंकि मन उसका उसी में लग जाता है। कुछ लोग नये बनाए मकान में जल्दी नहीं जाते, 6-6 महीने बंद पड़ा रहता है। जल्दी मन नहीं कहता है पुराना छोड़ कर नए में जाने को। ऐसे ही ये आपका मनुष्य शरीर भी किराए का मकान है। खाली करना पड़ेगा। नहीं खाली करोगे तो इसका मालिक वह भगवान जबरदस्ती खाली करा लेगा। कलयुग जाना नहीं चाहेगा और सतयुग आना चाहेगा। दोनों में हो जाएगा संघर्ष। नहीं हटेगा तो मार के भगायेगा। तो ये जाते-जाते कलयुगी प्रेमीयों को साथ ले जाएंगा। लाशों पर लाशों का होगा नजारा, सुनते तो जाओ संदेश हमारा, उठाने वाले न मिलेंगे यार, जमाना बदलेगा।

कोरोना में बाकी देशों की अपेक्षा धर्म परायण भारत देश में मृत्यु दर कम थी

कोरोना में देखा आपने कि कितने मरे। तमाम को तो गिद्ध-कौवा खा गए। छिपा दिया समाचार को। दूसरे देशों में बहुत मरे। हिंदुस्तान धर्म परायण देश में तो फिर भी कुछ कम मरे।

## दुनिया के रंग

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**यह दुनिया** भी बड़ी गजब है। इसे समझने के लिए किसी के पास कोई कुंजी नहीं है। बाल सफेद हो जायेंगे फिर भी दुनिया के रंग समझ से परे रहेंगे। यहाँ अच्छाइयों में खामियाँ और खामियों में अच्छाइयाँ निकालने वाले कदम पर कदम पर मिल जायेंगे। गांधी के पुजारी तो गोडसे के प्रशंसक भी मिल जायेंगे। आज कबीर होते तो उनके लिखे दोहों झ काल करै सो आज कर और धीरे-धीरे रे मना में समय को लेकर विरोधाभासी स्वर के लिए उन्हें लताड़ देते। इसीलिए यह दुनिया बड़ी गजब है। जब तक उसे समझने का प्रयास करते हैं, तब वह अपनी समझ बदल लेता है। अब देखिए न यदि कोई धीरे-धीरे संयमता के साथ काम करता है तो उसे बाबा आदम के जमाने का इंसान बताकर उसकी खिल्ली उड़ाते हैं। यदि कोई बड़ी तेजी से काम करता है तो उसे कौनसी शताब्दी पकड़ना है बताकर उसका हौंसला को पस्त कर देते हैं। यदि कोई आत्मविश्वास दिखाने का साहस करता है तो उसे बड़ा अहंकारी बताकर उसका आत्मविश्वास जमीन के भीतर दफना देते हैं। यदि दुखी होता है तो उसे भीरू, कायर, डरपोक नामों से पुकारने की चेष्टा करते हैं। यदि संभाल-संभालकर रुपया पैसे खर्च करते हैं तो उसे कंजूस कहकर उसका मजाक बनाते हैं। यदि वह रुपए-पैसे खर्च करता है तो उसे आडंबर व नौटंकी करने वाला कहते हैं। यदि वह किसी पर संदेह करता है तो उसे शक्की कहकर ताना कसते हैं। यदि वह किसी पर विश्वास करता है तो उसे भोला-नादान कहकर उसके भोलेपन का परिहास करते हैं। यदि वह किसी से लड़ने-झगड़ने से बचता है तो उसे नामर्द या नपुंसक कहकर उसके लिंग पर प्रश्नवाचक चिह्न लगा देते हैं। यदि कोई पीड़ा में कराह उठता है तो उसे मौज-मस्ती समझने वालों की कोई कमी नहीं हैं यहाँ पर। कुल मिलाकर दुनिया वाले क्या कहेंगे के डर से कई प्रतिभा के धनी मन मसोसकर रह जाते हैं। इसीलिए कहा गया है कि जिसे दुनिया पहले पागल कहती है वही आगे जाकर उनका सरताज होता है। दुनिया कदम कदम पर आपका कटाक्ष करने के लिए मौके तलाशती रहती है। इसलिए कटाक्षों की चिंता मत करो।

# भारतीय रेल के समक्ष समस्याओं का अंबार

**तनवीर जाफरी**

**भारतीय रेल** नेटवर्क विश्व के पांच सबसे बड़े रेल नेटवर्क में चौथे नंबर पर गिना जाता है। अमेरिका,चीन और रूस के बाद भारतीय रेल नेटवर्क का स्थान है जबकि पांचवें स्थान कनाडा रेल व्यवस्था का है। इन देशों की ही तरह भारतीय रेल व्यवस्था भी आधुनिकीकरण ,विकास व बदलाव के मार्ग पर पर तेज रफ़्तार से दौड़ रही है। नई नई तीव्रगामी रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। यहाँ तक कि सबसे तेज रफ़्तार समझी जाने वाली बुलेट ट्रेन (हाई स्पीड ) रेल परियोजना पर भी काम चल रहा है। भारतीय रेल पूरे देश के मीटर गेज नेटवर्क को ब्रॉडगेज में बदलने और ब्रॉड गेज नेटवर्क के शत प्रतिशत विद्युतीकरण के क्षेत्र में भी बहुत तेजी से काम कर रहा है। रेलवे मंत्रालय की मानें तो अब तक 82 प्रतिशत रेल मार्ग के विद्युतीकरण का काम पूरा भी हो लिया है। निश्चित रूप से रेल के विद्युतीकृत होने से जहाँ पर्यावरण को लाभ होगा वहीं डीजल पर निर्भरता भी कम होगी। साथ साथ रेल की शक्ति व गति में भी इजाफा होगा। रेलवे लाइंस को फाटक रहित बनाने की दिशा में भी बहुत तेजी से काम हुआ है। देश भर में हजारों अंडर पास बनाये जा चुके हैं और बनाये जा रहे हैं। मुसाफिरों के बढ़ती संख्या के चलते ट्रेन्स की बढ़ती लंबाई के मद्देनजर सैकड़ों स्टेशन के प्लेटफॉर्म की लंबाई बढ़ाई जा रही है। यात्री रेल नेटवर्क के अतिरिक्त उ्ऋछउक्छ डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन इंडिया लिमिटेड हजारों करोड़ की लागत से मालगाड़ियों के लिए समर्पित एक रेल गलियारा निर्माण की महत्वकांक्षी परियोजना पर भी तेजी से काम कर रहा है। हालांकि गत दिनों भारतीय रेल ने ह्यअनिवार्यताह्न होने पर इस विशेष ट्रैक पर अपनी यात्री गाड़ियाँ यदि चलाने की अनुमति तो जरूर ले ली है परन्तु मुख्यतः इस पर केवल मालगाड़ियों का ही संचालन किया जाएगा।

परन्तु जहां भारतीय रेल आधुनिकीकरण,विकास तथा विस्तार के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है वहीं भारतीय



रेल अनेक प्रकार की समस्याओं से भी जूझ रहा है। ट्रेन व यात्रियों की सुरक्षा रेल व्यवस्था से जुड़ी सबसे बड़ी समस्या है। इस समय देश में चार अलग अलग मार्ग पर चार वंदे भारत ट्रेनें दौड़ रही हैं। 200 किलोमीटर प्रति घंटा दौड़ने की क्षमता रखने वाली वंदे भारत की अधिकतम गति सीमा 130 किमी प्रति घंटा निर्धारित की गयी है। रेलवे की योजना अनुसार अमृत महोत्सव वर्ष के दौरान शताब्दी से भी आधुनिक व तेज रफ़्तार समझी जाने वाली कुल 75 वंदे भारत ट्रेनें पूरे देश में विभिन्न रेल मार्गों पर चलाई जानी हैं। परन्तु पिछले दिनों मात्र सवा महीने के दौरान वंदे भारत ट्रेन चार हादसों का शिकार हुई। कहीं वंदेभारत गाय से टकराकर क्षतिग्रस्त हुई तो कहीं भैंस के झुण्ड से टकराई। कहीं इससे टकराकर किसी महिला की मौत हो गयी तो कहीं इसके पहिये जाम हो गए। इन दुर्घटनाओं ने जहां रेल ट्रैक की सुरक्षा पर सवाल खड़े किये वहीं वंदे भारत की तकनीकी त्रुटि भी सामने आई। यहाँ यह जानना भी जरूरी है कि यह हादसे चूँकि नवचलित व तीव्र गामी (सेमी हाई स्पीड ) ट्रेन वंदे भारत जैसी वी आई पी ट्रेन के साथ हुये इसलिये खबरों की सुर्ख़ियां बने और चर्चा में आये। जैसे राजधानी व शताब्दी ट्रेन्स से जुड़ी कोई खबर सुर्ख़ियां बन जाया करती हैं। अन्यथा कोई दिन ऐसा नहीं होता जबकि दूसरी यात्री या मालगाड़ियों से टकराकर कोई न कोई पशु या इंसान अपनी जान न गंवाता हो। यह तो वैज्ञानिकों की दूर दृष्टि की तारीफ करनी पड़ेगी कि उन्होंने रेल इंजन की डिजाइन इतनी भारी भरकम तथा इसका बंपर इस प्रकार निर्मित किया है कि ट्रेन अपने सामने आने वाली किसी भी चीज को रौंदती या किनारे फेंकती हुई आगे बढ़ जाती है। यहाँ तक कि झारखंड,केरला,तमिलनाडु व असम आदि राज्यों से तो कई बार हाथी के भी ट्रेन से टकराकर मरने की खबरें आ चुकी हैं। इन हादसों का एकमात्र कारण यही है कि देश का लगभग पूरा रेल मार्ग खुला रेल मार्ग है जिनपर पशुओं से लेकर इंसानों तक का आना जाना या इसे पार करना आसान हो जाता है। इसी वजह से देश में कई बार अपराधियों व शरारती तत्वों द्वारा रेल लाइन पर तोड़ फोड़ की कार्रवाई भी की जाती रही है। अब शायद वन्दे भारत के हादसों के बाद रेल विभाग की नींद खुली है। तभी रेलवे ने ट्रेनों से पशुओं के टकराने की घटना को रोकने के लिये एक मास्टरप्लान तैय्यार किया है। खबरों के अनुसार रेल मंत्रालय ने एक विशेष प्रकार की बाउंड्री वॉल की नई डिजाइन को अनुमति दी है। नई बाउंड्रीवाल अगले 5-6 महीनों में कुछ विशेष रेल मार्गों पर पटरियों के किनारे लगाई जाने का प्रस्ताव है । प्रारंभिक चरण में एक हजार किलोमीटर रेलवे ट्रैक्स पर दोनों तरफ से सुरक्षा दीवार बनाई जाएगी। जिन रेल मार्गों को बाउंड्रीवाल के निर्माण हेतु चिन्हित किया गया है उनमें उत्तर मध्य रेलवे और उत्तर रेलवे के झांसी मंडल (वीरांगना लक्ष्मीबाई-ग्वालियर खंड), प्रयागराज मंडल (पंडित दीन दयाल उपाध्याय-प्रयागराज खंड), मुरादाबाद मंडल (आलम नगर से शाहजहाँपुर), और लखनऊ मंडल (आलम नगर से लखनऊ) शामिल हैं। जाहिर है देश के लगभग 68,000 किलोमीटर के रेल रुट पर बिछी लगभग 1 लाख बीस हजार किलोमीटर रेल लाइन को चहारदीवारी से घेर पाना यदि असंभव नहीं तो मुश्किल काम जरूर है। परन्तु यदि भारतीय रेल तीव्रगामी और लंबी व सुरक्षित रेल यात्रा देने जा रही है तो रेल व इसके यात्रियों की चक चौबंद सुरक्षा सुनिश्चित करना भी इसकी पहली जिम्मेदारी होनी चाहिये।

हमें चीन,अमेरिका,और रूस जैसे देशों से यह भी सीखना चाहिये कि वहां ट्रेनें सुरक्षित कैसे चलती हैं। क्या हमारे देश की तरह इन देशों में भी आवारा व लावारिस जानवर इसी तरह सड़कों व रेल लाइनों के किनारे घूमते रहते हैं ? क्या इन देशों के लोग भी हमारे देश के लोगों की तरह रेल ट्रैक पर शौच करते,रेल ट्रैक को लापरवाही से पार करते,रेल ट्रैक पर तोड़ फोड़ करते,मरे जानवर व दुनिया भर का कबाड़ रेल लाइनों पर फेंकते नजर आते हैं ? जो रेल देश की जीवन रेखा हो और रोज लाखों लोगों को उनकी मंजिल तक लाती ले जाती हो उस रेल के प्रति जितनी 'बर्बरता' भारत में बरती जाती है उतनी कहीं नहीं बरती जाती। फाटक विहीन रेल मार्ग देने की दिशा में भी जो काम हो रहा है वह भी ज्यादातर जगहों पर तमाशा साबित हो रहा है। देश के सैकड़ों रेल अंडर पास पानी से भर जाते हैं। इसमें डूबने से भी लोग मर चुके हैं। जबकि अंडर पास में जमा पानी को निकालने का भी डिजाइन किया जाता है। परन्तु बारिश में यह सब व्यवस्था फेल हो जाती है।

गत दिनों अंबाला शहर में तो स्थानीय विधायक ने केवल अपना जन्मदिन मनाने के चलते एक ऐसे अंडर पास का उद्घाटन कर दिया जो न तो उस समय खोले जाने लायक था न आज है। बिना बारिश के जमीन से निकल रहा पानी कीचड़ रोका नहीं जा पा रहा तो सोचा जा सकता है कि बारिश में इसका क्या हाल होगा। भारतीय रेल के सुगम व सुरक्षित सञ्चालन के लिये यह सभी समस्याएं विकराल रूप धारण कर चुकी हैं। इनके अतिरिक्त भी तमाम समस्यायें ऐसे हैं जिन्हें देखकर कहा जा सकता है कि बावजूद इसके कि भारतीय रेल विश्वस्तरीय रेल नेटवर्क की दिशा में आगे तो जरूर बढ़ रहा है परन्तु इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि भारतीय रेल के समक्ष समस्याओं का भी अंबार है।

## आओ मन को सकारात्मक सोच में ढालें

**किशन भावनानी**

**वैश्विक** स्तरपर पूरी दुनिया में भारत मान्यताओं कहावतों, पुराणों पंक्तियों, धार्मिक गाथाओं बलि रीति रिवाजों अंकगणित के अंकों सहित अनेक सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव पर आदि अनादि काल से चलता आ रहा है। पौराणिक काल से ही भारत में यह प्रथाएं चलती आ रही है। परंतु हम कुछ दशकों से देख रहे हैं कि, अनेक कुप्रथाओं और नकारात्मक सोच वाली कुछ गतिविधियों पर शासकीय स्तरपर कानून बनाकर, या कुछ प्रथाओं को सामाजिक व्यक्तिगत या घरेलू स्तरपर बंद करने की कोशिशें की गई है। परंतु अभी भी कुछ कुप्रथाओं या विपरीत नकारात्मक सोच शुरू है जिन्हें शासकीय या सामाजिक स्तरपर बंद नहीं किया जासकता। केवल जनता जनार्दन द्वारा जन जागरण अभियान चलाकर ही बंद किया जा सकता है, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण कहावत 3 और 13 के आंकड़े की है, जिसे अशुभ माना जाता है हालांकि इन आंकड़ों के कई सफलताओं की गाथाओं में से सबसे अच्छा उदाहरण हमारे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जीवन में 3 और 13 का महत्व है। उनकी राजनीत सफलताओं में 13 मई 1996 को पहली बार पीएम की शपथ लिए, 13 दिन बाद सरकार गिरी, दोबारा 13 महीने बाद पीएम बने, तीसरी बार पीएम बने तो 13 दिनों की साझा सरकार थी। 13 अप्रैल 1999 को शपथ ली तो पूरे 5 साल चली। 2004 के चुनाव में 13 अप्रैल को ही नामांकन भरा, इस प्रकार 13 का आंकड़ा उनके जीवन में साए की तरह चलता रहा। इन आंकड़ों के अनेक सफलताओं के भावों को देखा जा सकता है। इसलिए आज हम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे कि आओ मन को सकारात्मक सोच नहीं ढालें।

साथियों बात अगर हम तीन तिगाड़ा काम बिगाड़ा वाली कहावत की करें तो, वर्तमान आधुनिक प्रौद्योगिकी डिजिटल युग में अंधविश्वासों गलतफहमियां से दूर सकारात्मक सोच रखना सफलता की कुंजी है। हम 3 या 13 के आंकड़े से डरते हैं या उससे दूर भागने की कोशिश करते हैं, अशुभ मानते हैं परंतु हम अगर तीन के सकारात्मक दृष्टिकोण और अपने मन को सकारात्मक सोच में ढालें तो सफलता की गाथाएं हमारे जीवन से जुड़ जाएगी।

साथियों बात अगर हम 3 पर सकारात्मक सोचकी करें तोइसके पीछे की सच्चाई यह है कि कुछ लोग हमको अंधविश्वास में विश्वास दिलाना चाहते हैं जबकि ऐसा कुछ होता ही नहीं कोई संख्या किसी काम को निर्धारित नहीं करती ना ही उसके भविष्य को, अगर हमको लगता है कि 3 लोग किसी काम को मिलकर कर रहे हैं तो वह काम गड़बड़ हो जाएगा तो यह हमारी गलतफहमी है, इसे दूर कर अंधविश्वासों से दूर रहें और सकारात्मक सोच वाले कुछ उदाहरणों को देखें। अखिल सृष्टि के देवता, तीनों देव ब्रह्मा, विष?णु और महेश की संयुक?त मूर्ति अधिकतर तस?वीरों में मिलती है। लक्ष्मी, सरस्वती और पार्वती भी तीन हैं ।शंकर जी भोले बाबा का तिलक तीन रेखाओं में और त्रिशूल भी तीन शूलों से बना होता है। जब भी हम मंदिर में जाते हैं, तो तीन परिक्रमा के लिए ही कहा जाता है। पूजा के बाद आरती भी तीन बार लेकर भक?तजन प्रफुल्लित हो जाते हैं ।पूजन करते वक?त मुख शुद्धि के लिए तीन बार आचमन किया जाता है और तीन ईष?टदेव, कुलदेव और स?थानदेव का ध?यान किया जाता है। हमारी उंगलियों की तरफ ध?यान से देखें तो प्रत?येक उंगली के पोर में तीन रेखाएं होती हैं। खेल प्रतियोगिता में भी प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेताओं को ही घोषित किया जाता है। जल को भी तीन भागों में भी बांटा जाता है ठोस, द्रव और गैस। समय को भी तीन कालों में बांटा गयाहै-वर्तमानकाल भूतकाल औरभविष?यकाल। सिगनल भी तीन होते हैं, लाल, पीला और हरा। घड़ी की सुईंया भी तीन होती हैं। हम गौर करें कि हम गाड़ी से सफर कर रहे होते हैं, वहां भी तीन स?लीपर बर्थ होती हैं-लोअर, मिडल औरअपर। जब दौड़ शुरू की जाती है तो उसका प्रारम्?भ?ा भी तीन गिन?ने के बाद शुरू होता है। हमारे देश में या और अन्य देशों में भी सेनाओं को तीन भागों में बांटा गया है जल सेना, थल सेना और वायु सेना। नदियों का संगम भी तीन नदियों से ही होता है ।त्रिदेव का स्मरण करके अपने ईष?टदेव की पूजा करते समय तीन अगरबत्ती जलाने को शुभ माना जाता है। मौसम भी तीन होते हैं-सर्दी, गर्मी और बरसात । आज भी हम स्नेह मिलन तीन बार करते हैं। पूरे विश्व में त्रिगुनात्मक शक्ति सर्वोपरी मानी जाती है। मानव जीवन में भी मुख्य तीन अवस्थायें होती हैं बाल्यकाल, यौवन अवस्था और वृद्धावस्था।

साथियों तीन का प्रभाव सकारात्मक व नकारात्मक दोनों ही द?ष्टि से हमारे जीवन पर प्रभाव डालता है। इसलिये हमें कभी भी नकारात्मक सोच नहीं रखनी चाहिये क्योंकि हम जैसा सोचते हैं हमारे जीवन में वैसा ही होता है ।हमारा मन सबसे सशक्त व शक्तिशाली ऊर्जा का रूप है, इसमें विश्वास, आशा व सुंदर विचारों को रखना चाहिये।

साथियों बात अगर हम 3 पर नकारात्मक सोचकी करें तो शंकर भगवान को विनाशकारी कहा जाता है क्योंकि उनके तीन नेत्र हैं, जब किसी व्यक्ति को गलत काम करने पर डांटा जाता है तो उसे थर्ड क्लास कहा जाता है। मुस्लिम धर्म में तीन बार तलाक-तलाक-तलाक बोलने पर तलाक हो जाता है, जिसपर अभी कानून बन गया है ।पुलिस थर्ड डिग्री के आधार पर अपराधी से अपराध स्वीकार करवाती है जो अत्याधिक पीड़ादायक है। शरीर में स्वास्थ्य बिगडने की सबसे बड़ी समस्या वात, पित्त और कफ मानी जाती है ।किसी भी घर में गणेश जी की तीन मूर्तियां रखना शुभ नहीं माना जाता है ।

तृतीय श्रेणी की नौकरी को अच्छा नहीं माना जाता है इसे सम्मानित द?ष्टि से नहीं देखा जाता है। यहां लोग तीन तिगड़ा काम बिगाड़ा वाली सोच का संज्ञान लेते हैं जो एक नकारात्मक सोच है इसे बदलकर सकारात्मक सकारात्मक सोच में लाना चाहिए।

साथियों एक से दस तक के अंको में तीन अंक खास है हमारे जीवन में सम और विषम अंक दोनो ही काफी महत?व रखते हैं, कभी-कभी तीन अंक को लेकर सकारात?मक और नकारात?मक सोच पर अच?छी खासी बहस हो जाती है। जैसे तीन सदस?यों को एक साथ घर से शुभ?ा काम के लिए नहीं निकलना चाहिए। देखा जाए तो तीन अंक को काफी शुभ माना गया है। पूजन के बाद हम आचमन करते हैं, तो प?ंडित तीन बार हमारी अंजली में पवित्र जल प्रदान करते हैं।

## आधुनिक आर्थिक वैज्ञानिक पद्धति राष्ट्रीय विकास का आधार

**संजीव ठाकुर**

**सदियों से हर** समाज गरीबी की कठिन परिस्थिति का सामना करता रहा है। गरीबी किसी मनुष्य को इस कदर मजबूर कर देती है कि वह अपने जीवन की जरूरी आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर पाता है। इसके कारण भुखमरी कुपोषण और साक्षरता बेरोजगारी जैसी न जाने कितनी समस्या गरीब इंसान खेलता है। प्राचीन काल से ही की उत्तम शासन का लक्ष्य गरीबी हटाना व प्रजा के दुख दर्द हटाने के उचित उपाय करने को माना गया है। कौटिल्य ने अपने अर्थशास्त्र में लिखा है कि प्रजा के सुख में ही राजा का सुख निहित है, प्रजा के हित में ही उसे अपना हित देखना चाहिए। इसीलिए अशोक महान से लेकर अकबर और वर्तमान प्रजातंत्र में हर प्रधानमंत्री गरीबी हटाने के मूल मंत्र को लेकर आगे विकास की बात तय करते हैं। आधुनिक काल में जब शासन कल्याणकारी बनने लगा तो जनता के हित सर्वोच्च लक्ष्य बन गया और गरीबी हटाने के मुहिम जोर शोर से चलने लगे, इसमें काफी हद तक सफलता भी प्राप्त की गई है।

जापान आज की स्थिति में विकसित राष्ट्र माना जाता है। पर इसे देखकर निश्चित तौर पर आश्चर्य होता है की यह एक ऐसा देश है जिसके पास में पर्याप्त प्राकृतिक साधन है न ही सुरक्षित निवास स्थान फिर भी लगातार दुनिया की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होता है। द्वितीय विश्व युद्ध की विभीषिका झेलने के बाद यह देश ना जाने कितने भूकंप और प्राकृतिक आपदाओं का सामना निरंतर करता आया है, इसके बावजूद जापान सफल समृद्धि तथा गौरवशाली राष्ट्र बन चुका है, निसंदेह इसके पीछे विज्ञान तकनीकी का वृहद तथा व्यापक प्रयोग ही है। दूसरी तरफ एशिया, अफ्रीका के कई देश हैं, जिनके पास भरपूर प्राकृतिक संसाधन हैं, वे आज भी गरीबी पिछड़ापन को नहीं हटा पाए इसका एक बड़ा कारण पुरानी शैली पर टिका हुआ विकास है। विज्ञान अपनी क्षमता से विकास के हर क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने की ताकत रखता है। पश्चिमी कई देश साधन विहीन होने के पश्चात भी अत्यंत विकसित एवं संपन्न राष्ट्र बने विज्ञान की तकनीकी का भरपूर इस्तेमाल कर वे अपने राष्ट्र को समृद्ध कर पाए हैं। यह तो तय है और स्पष्ट है कि व्यापक गरीबी का निवारण पिछड़े विकास के साधनों से संभव नहीं है, पुराने तरीके जहां अधिक संसाधन समय लेते हैं उसके परिणाम में कम उत्पादन कम मूल्य प्रदान करते हैं। इसीलिए वैश्विक स्तर पर अब विज्ञान आधारित विकास से गरीबी मिटाने तथा विकास की नई इबारत लिखने की प्रतिस्पर्धा बढ़ चुकी है। गरीबी का सबसे भयानक रूप भुखमरी एक बड़ी समस्या बनकर उभरी है किंतु अब विज्ञान के प्रयोग से काफी कम हो चुकी है। भारत जैसा विशाल जनसंख्या वाला देश कभी भूख से कराह रहा था, पर आज अनाज का निर्यातक बन कर 135 करोड़ जनता का पेट भी भर रहा है और अनाज निर्यात भी कर रहा है। भारत ने कृषि में नवीन यंत्रों को विकसित कर जो बेहतर तौर-तरीकों जैसे वैज्ञानिक प्रयोगों से ग्रीन रिवॉल्यूशन को लाकर खड़ा कर दिया। अब भारत में पर्याप्त अन्न का भंडार भारतीय जनमानस के लिए उपलब्ध है। यह निसंदेह वैज्ञानिक तकनीक और दृढ़ संकल्प का ही परिणाम है,जो हमारे लिए गौरव का विषय भी है। इसी तरह मानव के विकास की अहम आवश्यकता शिक्षा और कौशल तकनीक भी गरीबी निवारण के लिए अपरिहार्य बन गई है। यहां भी वैज्ञानिक तरीकों से लॉजिकल पाठ्यक्रम ऑनलाइन पढ़ाई आदि से गरीबी के कई आधार स्तंभ हटाए गए हैं। विज्ञान आधारित विकास से अब समाज में उद्योग सेवा क्षेत्र में कई नौकरियां तथा रोजगार के अनेक अवसर पैदा हो रहे हैं। विकास यानी गरीबी हटाने के घरेलू उपाय का अच्छा रोजगार देने में विज्ञान का योगदान बहुत ज्यादा रहा है,लगातार बढ़ती अर्थव्यवस्था में शिक्षा कौशल प्राप्त कर गरीब युवा भी बेहतर रोजगार प्राप्त कर सकता है। सामाजिक आर्थिक क्षेत्र ही नहीं बल्कि प्रशासनिक राजनीतिक क्षेत्र भी वैज्ञानिक तकनीकी से गरीबी मिटाने के प्रयास में लगातार अनवरत प्रयत्नशील है ई गवर्नेंस वस्मार्ट गवर्नेंस में व्यापक तौर पर पारदर्शिता जवाबदेही लाकर प्रशासन को बेहतर बनाने में मदद की है यह भी गरीबी निवारण के लिए जरूरी सुशांत सुशासन का एक अहम हिस्सा है। विज्ञान तकनीकी आधारित विकास ने हमारी गरीबी का स्तर घटाने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका प्रभाव महसूस किया जा रहा है। अब इस बात की जरूरत है कि दुनिया के विकास के मॉडलों में सामाजिक मूल्य कमजोर वर्गों के प्रति करुणा विविध धर्म, संप्रदाय आदि क्षेत्र का सम्मान जैसी बातें भी शामिल हो। अब विकास का ऐसा मॉडल विकसित हो जाना चाहिए जो समाज को पर्यावरण प्रेम, नागरिक मानवीय कर्तव्य, नैतिक मूल्य का भी पाठ पढ़ाए ताकि समस्त सामाजिक वर्ग का विकास एक साथ सबके साथ हो सके। दुनिया के हर महत्वपूर्ण अर्थशास्त्री विकास के मॉडल में विज्ञान की तकनीकी का प्रयोग अत्यंत एवं आवश्यक मानते हैं। अब विकास के साथ विज्ञान और मूल्य का सही संयोजन जरूरी है ताकि असमानता के स्थान पर सभी का विकास संभव हो सके।

विज्ञान की अथाह क्षमता तथा शक्ति का सदुपयोग विकास के पथ को तीव्र सरल तथा उच्च उत्पादकता वाला बनाना होगा। गरीबी की दर्दनाक पीड़ा पर यह मरहम लगाकर उसे हटाने का बेहतर साधन भी बन सकता है।

वैज्ञानिक तकनीक के साथ यदि मानवीय संवेदनाओं का समावेश हो तो यह कई गुना अधिक सफल बन सकती है। ऐसे में 'येन केन प्रकारेण' धन कमाने की लिप्सा और शोषण की सोच की जगह 'सर्वे भवंतू सुखिनः' जैसी सकारात्मक भावनाएं समाज में व्याप्त हो तभी विकास की सही दिशा को कोई भी राष्ट्र प्राप्त कर उस देश की गरीबी को हटाने में सफल हो सकता है।

## निमार्णाधीन इंटरलॉकिंग की गुणवत्ता खराब

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट। जिले** के मानिकपुर ब्लाक के सकरौंहा गांव में विधायक निधि से इंटरलॉकिंग खड़ंजे का निर्माण हो रहा है, लेकिन मार्ग निर्माण में ठेकेदार जमकर गुणवत्ताविहीन कार्य करवा रहे हैं।

बता दें कि सकरौहा गांव में विधायक निधि से लगभग डेढ़ सौ मीटर इंटरलॉकिंग खड़ंजे का निर्माण कार्य हो रहा है। जिसमें अनममियता की शिकायत ग्रामीण कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि मोरंग की जगह मिट्टी, बदौसा बालू की जगह नदी की लोकल बालू और क्रेसर की बालू का प्रयोग किया जा रहा है। थर्ड क्वॉलटी के ईंट और नाम मात्र की सीमेंट का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। मिट्टी के ऊपर पड़ रही सीसी में नदी की लोकल बालू और क्रेसर की बालू मिक्स कर बारह तगाड़ी और दस तगाड़ी गिट्टी में छोटी तगाड़ी में आधी तगाड़ी सीमेन्ट डलवाकर मसाला बनवाया जा रहा है।

सकरौंहा ग्राम प्रधान ने भी बताया कि इंटरलॉकिंग खड़ेंजे पर ठेकेदार द्वारा जमकर गुणवत्ताविहीन कार्य करवाया जा रहा है। बोलने के बाद भी ठेकेदार कोई



सुधार नहीं कर रहा है। मैंने निरीक्षण कर खामियां भी पाई। इंटरलॉकिंग खड़ंजे पर सुधार न होने के कारण ग्रामीणों में काफी रोष देखने को मिला। ग्रामीण रामलाल, गंगा प्रसाद, संतोष कुमार आदि ने बताया कि ठेकेदार द्वारा मानक विहीन कार्य की जांच कराया जाए। वहीं मानिकपुर खंड विकास अधिकारी धनंजय सिंह ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## महिला उत्पीड़न के दो मामलों में जमानत याचिका खारिज

### विवाहिता को वैश्यावृति में धकेलने का आरोप, बंधक बनाकर युवती से किया दुष्कर्म

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट। महिला** उत्पीड़न से सम्बन्धित दो गम्भीर मामलों में न्यायालय ने आरोपियों के जमानत याचिका खारिज कर दी है। दोनों मामलों में पीड़ित महिलाओं को उत्पीडन का शिकार बनाने वाले उनके परिचित ही आरोपी है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुन्दर मिश्रा ने बताया कि मऊ थाने में 18 जुलाई 2022 को न्यायालय के आदेश पर एक महिला के प्रार्थना पत्र के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायकर्ता महिला के अनुसार उसने अपनी पुत्री की शादी दान दहेज के साथ की थी। ससुराल जाने पर ससुरालीजन कम दहेज की बात कहकर उसे प्रताड़ित करने लगे। कुछ दिनों बाद एक पुत्री पैदा होने पर ससुरालीजनों ने उसको हमेशा से घर से निकालने की योजना बनाई। 20 अप्रैल 2022 को रात 12 बजे उसकी पुत्री को मार-पीटकर दो लाख रुपए में वैश्यालय में बेच आए। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद विवेचना के दौरान पीड़िता को दो लाख रुपए में खरीदने वाले के रूप में हरियाणा के गुडगांव जिले के मानेसर क्षेत्र के मूल निवासी और वर्तमान में मैनुपर जिले के आदर्श नगर भोगांव में रहने वाले सोनू उर्फ मोहित पुत्र योगेश कुमार उर्फ अशोक का नाम सामने आया था। जो जेल में बंद है। इसी प्रकार दूसरा मामला मऊ थाने में दुराचार का दर्ज है। जिसमें पीड़िता से तमंचे के बल पर घर में दुष्कर्म करने और अहमदाबाद ले जाकर बंधक बनाकर दुष्कर्म करने के बाद प्रयागराज में छोड़कर आरोपी पिपरौंध गांव का निवासी राजा यादव पुत्र स्व दुर्गा यादव फरार हो गया था। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से यह आरोपी भी जेल में बंद है। दोनों आरोपियों ने अपने अधिवक्ताओं के माध्यम से न्यायालय में जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए थे। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद सत्र न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा ने दोनों आरोपियों के जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिए।

## मुख्तार अंसारी का बेटा अब्बास चित्रकूट जेल शिफ्ट

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट। बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी** के पुत्र अब्बास अंसारी को चित्रकूट जेल में शिफ्ट किया गया है। 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में नैनी जेल भेजे गए अब्बास अंसारी की जेल दो घंटे में बदल दी गई।

प्रयागराज के नैनी जेल से देर रात को उसे कड़ी सुरक्षा में लाया गया है। उसे जिला जेल चित्रकूट में फिलहाल अलग वार्ड में रखा गया है। चित्रकूट जेल अधीक्षक अशोक सागर ने बताया कि कड़ी सुरक्षा के बीच एक अलग वार्ड में अब्बास अंसारी शिफ्ट किया गया है। उस वार्ड में विशेष सुरक्षा व्यवस्था द्वारा पहरा लगाया गया है।

जेल अधीक्षक ने बताया कि अब्बास अंसारी के चित्रकूट जेल आने से पहले जिला जेल में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए हैं। सभी सुचारु रूप से चालू हैं। बता दें कि पूर्वांचल के अधिकतर अपराधी चित्रकूट जेल शिफ्ट किए जाते हैं। शासन द्वारा चित्रकूट जेल सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से बहुत ठीक मानी जा रही है। बीते एक वर्ष पहले गोलीकांड के बाद जेल की सुरक्षा व्यवस्था और बढ़ा दी गई है।

## सबको नहीं मिलता भागवत सुनने का अवसर

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट। मऊ** के रामनगर विकासखंड अंतर्गत की ग्राम पंचायत पियरियामाफी में ब्रह्मलीन संत बाबा रामेश्वरम गोसेवा संस्थान के द्वितीय वार्षिकोत्सव के अवसर पर वृंदावन के कथा व्यास भागवत भूषण राजेश राजौरिया वैदिक ने कहा कि सबको भागवत कथा सुनने का अवसर नहीं मिलता। तीसरे दिन की कथा में कथावाचक ने भगवान कपिल देव के चरित्र का बखान किया।

उन्होंने अष्टांग योग पर प्रकाश डाला। कथा व्यास ने कहा कि अपने बच्चों को माता सुनीति की



तरह ध्रुव की भांति अच्छे संस्कार और उपदेश दें। पिता ही माता-बच्चों के भाग्य के निमार्ता होते हैं। जैसा वे चाहेंगे वैसे ही उनके बच्चे बनेंगे इसमें कोई संशय नहीं है। कथा व्यास ने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण सिर्फ सुनने भर की कथा नहीं है। वरन सुनी गई कथा को हर पल मनन करने की भी आदत डालनी चाहिए। यह आत्ममंथन की ही विषयवस्तु है। कथा के जजमान बद्री विशाल ओझा हैं। संगीतमयी कथा में राजन शास्त्री गोपाल ब्रजवासी और पुष्पेंद्र तिवारी संगत कर रहे हैं। इस मौके पर नीलेश शास्त्री, विनय शास्त्री, अखिलेश भाई ओझा, सनत कुमार ओझा, अश्विनी कुमार ओझा, पं शिवबालक, राम, राजेंद्र, बृजनंदन आदि मौजूद रहे।

## कायाकल्प के नाम पर हो रहा पैसों का बंदरबांट



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट। जनपद के विकासखंड अंतर्गत ग्राम** पंचायतों द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य मे ग्रामीणों ने धांधली का आरोप लगाया है। ग्रामवासियों का कहना है कि आजादी के बाद पहली बार सड़क भवनों को साकार रूप देने का समय जरूर आया, लेकिन घटिया निर्माण होने से ग्रामवासी काफी हैरान है। खुलेआम मिट्टीयुक्त डस्ट से दीवाल चिनाई व कच्चे ईट स्तेमाल किये जा रहे हैं।

बता दें कि मानिकपुर विकास खंड में भ्रष्टाचार का काफी ज्यादा बोलबाला चल रहा है। ग्राम पंचायतें खुलेआम घटिया कार्य करवा कर लाखो का वारा न्यारा करने में जुटे है। प्राथमिक विद्यालय नागर में कायाकल्प के तहत पहले से बनी बाउंड्री को ग्राम पंचायत द्वारा मिट्टीयुक्त क्रेसर डस्ट व कच्चे ईट से बनाई जा रही है, जो देखने मे अत्यंत घटिया बन रही है।

वही ग्राम पंचायत ऐलहा में बगैर नींव के खेल मैदान की बाउंड्री बाल स्थानीय कार्य स्थल में ही बोल्डर का खनन कर ढोके व मिट्टीयुक्त क्रेसर डस्ट व कच्चे ईंट से बना कर लाखों का वारा न्यारा किया जा रहा है। दोनों मामलों में खण्ड विकास अधिकारी धनंजय सिंह से बातचीत की गई तो बताये की खेल मैदान की बाउंड्री का कार्य रोक दिया गया है। जांच टीम कार्य को देख आयी है। नागर की जांच करवा कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## सौरभ बाजपेई उर्फ राजा बेटा ने शुरू करवाया डेंगू की रोकथाम के लिए दवाइयों का छिड़काव

**अखंड भारत संदेश**
**सफीपुर उन्नाव । समाज** सेवी द्वारा नगर में शुरू करवाया गया मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए फागिंग का कार्य प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बा सफीपुर के मोहल्ला ब्राह्मण टोला निवासी सौरभ बाजपेई उर्फ *राजा बेटा* जो कि भारतीय जनता पार्टी में अवध क्षेत्र उपाध्यक्ष भी हैं! पार्टी ने भरोसा जताते हुए नगर पंचायत संयोजक नगर निकाय चुनाव का अतिरिक्त दायित्व भी राजा बेटा को सौंप दिया है! सफीपुर कस्बे में भ्रमण के दौरान भाजपा नेता को दर्जनों की



संख्या में गरीबों ने अपना दुखड़ा सुनाया जिनके घरों में कोई न कोई बीमार तथा डेंगू बुखार से पीड़ित है! पैत्रक जन सेवी, पीड़ितों व गरीबों की सदैव मदद करने वाले एक प्रतिष्ठित परिवार से ताल्लुक रखने वाले वंशज सौरभ बाजपेई जो कि सदैव ही धार्मिक, सामाजिक, एवं परोपकारी कार्यों से जुड़े रहते हैं! पीड़ितों की मदद व जन सेवा के उद्देश्य से डेंगू मच्छर के खिलाफ मोर्चा खोल बीजेपी नेता द्वारा नगर पंचायत सफीपुर में मच्छर जनित बीमारियों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए एंटी लार्वा का छिड़काव शुरू करवा दिया गया है! एक वार्ता के दौरान सौरभ बाजपेई राजा बेटा ने बताया कि डेंगू एवं हानिकारक मच्छरों से नगर वासियों को निजात दिलाने हेतु फागिंग निरंतर जारी रहेगी! तथा 21 - 11- 2022 दिन सोमवार से 4 मशीनें नगर की छोटी, सकरी गलियों में कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव करेंगी जहां पर ट्रैक्टर संचालित टैंकर नहीं पहुंच पाता है! यहां पर यह बताना भी आवश्यक होगा कि कोरोना काल में भी लॉक डाउन के दौरान नगर वासियों के लिए भाजपा नेता सौरभ बाजपेई द्वारा खाने पीने का इंतजाम करवाने के साथ दवाइयों एवं अन्य दैनिक उपयोगी वस्तुओं आदि की व्यवस्थाएं भी नगर वासियों के लिए उपलब्ध करवाई गई थी।

## बुंदेली सेना ने बेटियों की सुरक्षा का दिलाया संकल्प

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट। बुंदे**ली सेना ने महारानी लक्ष्मीबाई की एलआईसी तिराहा स्थित शहीद पार्क में जयंती मनाई। इस दौरान रानी के चित्र पर माल्यार्पण कर जयकारे लगाए गए। साथ ही बेटियों की सुरक्षा का संकल्प दिलाया। बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि आज भी रानी झांसी का व्यक्तित्व व कृतित्व पढ़ने के बाद सीना गर्व से चैड़ा हो जाता है।

बुंदेलखंड की गौरवगाथा को स्वर्णिम बनाने में लक्ष्मीबाई के पराक्रम का बड़ा योगदान है स मुठ्ठी भर सेना के बलबूते अंग्रेजों के उन्होंने दांत खट्टे कर दिए थे। आज की युवा पीढ़ी के लिए उनकी शौर्य गाथाएं प्रेरणा देती हैं। रानी लक्ष्मीबाई की



जयंती पर शहीद पार्क में उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया। बुंदेले हर बोलो के मुंह से हमने सुनी कहानी थी, खूब लड़ी मदार्नी वह तो झांसी वाली रानी थी का सामूहिक गायन हुआ। इसके बाद जमकर रानी झांसी के जयकारे लगाए गए।

युवाओं को प्रण दिलाया गया कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ में सभी अपना योगदान अवश्य दें। बेटियों को भयमुक्त और अपराध मुक्त माहौल दें। बेटियों की हर दशा मे सुरक्षा करें, यही लक्ष्मीबाई जैसी महान व्यक्तित्व के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर जानकी शरण गुप्ता, अतुल सिंह, सुरेंद्र सिंह शेरा, नरेन्द्र सिंह, संजय गुप्ता, ओम प्रकाश, अरविन्द सिंह, सुमित सिंह और शिवशंकर यादव आदि मौजूद रहे।

## इंडस्ट्रियल प्लाटों के लिए साक्षात्कार व ड्रा को ही मिले प्राथमिकता : पंडित रवि

**नोएडा। ब्राह्मण** रक्षा दल के मुख्य संरक्षक व सेक्टर 22 आरडब्लूए संरक्षक पंडित रवि शर्मा ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण द्वारा भुखण्डों की ई-बिड प्रडाली द्वारा नीलामी को उद्यमियों का विरोधी बताया है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इंडस्ट्रियल व हाउसिंग प्लाटों को ई-टेंडरिंग व्यवस्था से बाहर रखने की मांग की है। जबकि कामर्शियल व ग्रुप हाउसिंग के भूखंडों को ई टेंडरिंग के जरिए देने की व्यवस्था को सही ठहराया है। उन्होंने कहा कि अकेले नोएडा और ग्रेटर नोएडा में तकरीबन 10 हजार उद्यमी कई वर्षों से किराए पर अपना उद्योग चला रहे हैं। इस उम्मीद में कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की स्कीम में उन्हें प्राथमिकता मिलेगी और साक्षात्कार या फिर ड्रा के माध्यम से उन्हें भी अपनी खुद की जमीन उद्योग लगाने के लिए मिल जाएगी। लेकिन इसके उलट नोएडा प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और अब यमुना प्राधिकरण भी अपने यहां भूखंडों की नीलामी इ-बिड के माध्यम से कर रहा है। जिसका फायदा केवल बड़े बिल्डर और निवेशकों को ही मिल पा रहा है। ऐसे में निवेशक या तो अपने प्लाट को महंगे दाम पर बेंचकर पैसा बनाते हैं

या फिर फैक्ट्री बनाकर किराया वसूलते हैं। दूसरी तरफ नोएडा ग्रेटर नोएडा में नई इंडस्ट्री के लिए जमीन लेने पर स्टांप ड्यूटी और ट्रांसफर चार्ज अधिक लगता है जिस कारण भी यहां की जमीन और महंगी हो जाती है। ऐसे में उद्योग लगाने के इच्छुक युवा व योग्य लोग ऐसे राज्य में जाना पसंद करते हैं जहां उन्हें सब्सिडी भी दी जा रही है।

## सफार्बाद गांव में लगी भीषण आग

**नोएडा।नोएडा** के थाना सैक्टर-113 में स्थित सफार्बाद गांव उस वक्त पूरे इलाके में हड़कंप मच गया जब यहा भीषण आग लग गयी।सूचना मिलते ही पुलिस व दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची गयी है।बता दे कि नोएडा के सैक्टर-74 स्थित सफार्बाद गांव में खान अस्पताल के पास झुग्गी झोपाड़ियों में भीषण आग लग गयी।आग इतनी भयंकर है कि पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है।थोड़ी ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।सूचना मिलते ही दमकल की कई गाड़िया मौके पर पंहुच कर आग बुझाने का प्रयास कर रही है।आग लगने की कारणों का अभी पता नही चल पाया है। मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि आग ने थोड़ी ही देर में विकराल रुप धारण कर लिया था।

सफार्बाद गांव में आग लगने का यह कोइ पहला मामला नही है।इससे पहले भी कुछ वर्ष पूर्व भी यहा भीषण आग लगी थी।

## संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा बढ़ा, बदबू और दुर्गंध के बीच पढ़ना दूभर

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट। जिले** के मानिकपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत में स्थित प्राथमिक विद्यालय, नागर के आसपास नालियों का गंदा पानी भरा है। इससे संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। इसके साथ ही बदबू और दुर्गंध के बीच पढ़ना दूभर हो रहा है। शिकायत के बाद भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

नागर ग्राम प्रधान की लापरवाही के चलते प्राथमिक विद्यालय में गांव की नालियों का गंदा पानी का भरा है। इससे विद्यालय के आसपास बदबू फैली है। गांव के ग्रामीण बबलू, राममिलन, राजकुमार ने संक्रमण फैलने की आशंका जताते हुए बताए की सफाई कर्मी कभी गांव नहीं आता। गांव के अंदर एक भी नाली सड़क नहीं है। इससे नालियों का गंदा पानी पूरे गांव और स्कूल के पास जमा रहता है।

गंदगी के संबंध में बात की जाए तो मानिकपुर क्षेत्र में एक तरफ डेंगू का प्रकोप फैला है। दूसरी तरफ इस स्कूल के आसपास गंदा पानी व गंदगी फैली होने से बच्चों में भी बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। मामले में खंड विकास अधिकारी धनंजय सिंह ने इस मामले में जांच कर कार्रवाई करने को कहा है।



## डोनाल्ट ट्रंप अब फिर कर सकेंगे ट्वीट, मस्क ने अकाउंट बहाल किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का ट्विटर अकाउंट बहाल हो गया है। एलन मस्क ने ट्रंप का खाता बहाल करने की घोषणा की। उन्होंने ट्विटर पर लोगों की राय जानने के बाद यह फैसला किया। ट्विटर के मालिक एलन मस्क ने कहा था कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का ट्विटर अकाउंट जल्द ही बहाल कर दिया जाएगा। पिछले साल अमेरिकी संसद पर हुए हमले के बाद ट्रंप के ट्विटर अकाउंट को सस्पेंड कर दिया गया था। एलन मस्क ने 19 नवंबर को यूजर्स से पोल में पूछा था कि ट्रंप का अकाउंट बहाल करना चाहिए यह नहीं। इस पर 51.8 फीसद यूजर्स ने अकाउंट बहाल करने के पक्ष में वोट दिया। इस पोल में कुल 1,50,85,458 लोगों ने हिस्सा लिया। 135 मिलियन से अधिक लोगों ने पोल को देखा। मस्क ने ट्विटर खरीदने से पहले ट्रंप समेत कई अकाउंट पर लगाए गए प्रतिबंधों को मूर्खतापूर्ण रवैया बताया था। उन्होंने कहा था, 'स्थायी प्रतिबंध काफी कम लगने चाहिए। यह स्पैम या स्कैम जैसे अकाउंट पर लगाए जाने चाहिए।



## मलेशिया में त्रिशंकु संसद के आसार

**कुआलालंपुर।** मलेशिया के आम चुनाव में किसी भी गठबंधन को बहुमत मिलने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। फिलहाल त्रिशंकु संसद के आसार बनते दिख रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री मुहयिद्दीन यासिन की अगुआई वाले गठबंधन और विपक्षी नेता अनवर इब्राहिम की अगुआई वाले गठबंधन में कांटें की टक्कर है। प्रधानमंत्री इस्माइल साबरी याकूब का बारिसान गठबंधन भी चुनाव में भाग्य आजमा रहा है। याकूब का गठबंधन अपने पारंपरिक गढ़ में भी मुहयिद्दीन यासिन से पिछड़ गया है। अंतिम समाचार मिलने तक 222 संसदीय सीटों में से मुहयिद्दीन की अगुआई वाले गठबंधन ने 60 सीटें जीती हैं, जबकि अनवर के गठबंधन को 61 सीटें मिली हैं। बारिसान गठबंधन ने केवल 24 सीटें जीती हैं। अन्य सीटों पर अभी मतगणना चल रही है। पिछले कई वर्षों में मलेशिया में तीन प्रधानमंत्री शासन कर चुके हैं। इन प्रधानमंत्रियों में 97 वर्षीय महातिर मोहम्मद भी शामिल हैं। लंबे समय तक मलेशिया पर शासन कर चुके महातिर भी मैदान में हैं, लेकिन उन्हें प्रबल दावेदार नहीं माना जा रहा है।

## चीन-ताइवान के बीच बेहतर संबंधों के प्रतीक रहे पांडा की मौत

**बीजिंग।** चीन की तरफ से ताइवान को दिए गए दो विशाल पांडां में से एक तुआन तुआन की संक्षिप्त बीमारी के बाद शनिवार को मौत हो गई। ताइपे के चिड़ियाघर ने यह जानकारी दी। पांडा की मौत की वजह के बारे में तत्काल जानकारी नहीं दी गई है। हालांकि इससे पहले आ रही खबरों के अनुसार बताया गया था कि पांडा घातक ब्रेन ट्यूमर से पीड़ित था, जिसकी खबर मिलते ही चीन ने इलाज में मदद के लिए इस महीने दो विशेषज्ञों को ताइवान भेजा गया था। ताइवान



की मीडिया में आईं खबरों के अनुसार तुआन तुआन के शरीर में कोई हरकत नहीं थी और शनिवार को कई बार दौरे पड़ने के कारण वह कोमा में चला गया था। चीन और ताइवान के बीच गर्मजोशी भरे संबंधो के दौरान साल 2008 में तुआन तुआन और युआन युआन को चीन ने उपहार में दिया था। ताइवान और चीन 1949 में गृह युद्ध के दौरान अलग-अलग हो गए थे। तुआन तुआन और युआन युआन का जन्म 2004 में चीन में हुआ था। जंगल में रहने वाले पांडा की औसत आयु 15 से 20 साल होती है। मनुष्य की देखभाल में रहने पर वह 30 या उससे अधिक साल जी सकता है। पांडा की जोड़ी के ताइवान आने के बाद से चीन और ताइवान के रिश्तों में लगातार गिरावट आई है। चीन ने स्वतंत्रता समर्थक त्साई इंग-वेन के राष्ट्रपति बनने के बाद साल 2016 में ताइवान से संपर्क खत्म कर लिए थे। साल 2020 में हुए चुनाव में एक बार फिर त्साई इंग-वेन की जीत हुई।

# ब्रिटेन की यूक्रेन को रूसी ड्रोन से मुकाबले के लिए नया रक्षा पैकेज देने की घोषणा

**कीव।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक अपने पहले यूक्रेन दौरे पर यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंचे। उन्होंने यूक्रेन के लिए दृढ़ समर्थन जारी रखने का वचन दिया और रूसी ड्रोन को मार गिराने में मदद करने के लिए नया वायु रक्षा पैकेज देने की घोषणा की।

ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री सुनक ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात की। सुनक के आगमन की सूचना से खुश यूक्रेन के लोगों ने उनके स्वागत के लिए आठ महीने से अधिक समय में पहली बार ट्रेन की यात्रा की। इस दौरान लोगों ने उनका फूलों और राष्ट्रीय झंडों से




स्वागत किया। सुनक ने कहा कि ब्रिटेन जानता है कि यह आजादी के लिए लड़ाई है। इसलिए हम हर तरह से यूक्रेन के साथ हैं। ब्रिटेन जल्द ही यूक्रेन को छह करोड़ डॉलर की सैन्य सहायता देगा। इसमें एंटी एयरक्राफ्ट गन और आकाश में ड्रोन को ढूंढ़कर उसे नष्ट करने की तकनीक भी होगी। इससे रूसी मिसाइलों को भी आकाश में नष्ट किया जा सकेगा। सुनक ने कहा कि यूक्रेन के सुरक्षा बल रूसी सेना को जमीन पर पीछे धकेलने में कामयाब रहे हैं लेकिन आकाश से नागरिकों और उनके हित वाले स्थानों पर हमले जारी हैं। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने कहा, ठंड के मौसम में यूक्रेनी नागरिकों को होने वाली मुश्किलों की भी हमें चिंता हैं। हम उनके लिए मानवीय मदद बढ़ाएंगे। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सुनक से मुलाकात का वीडियो इंटरनेट मीडिया में पोस्ट किया है। जेलेंस्की ने ब्रिटेन के लगातार समर्थन के लिए आभार जताया है। उन्होंने कहा है कि आप जैसे मित्रों के सहयोग से यूक्रेन को युद्ध में अपनी जीत का भरोसा है।हम अपनी आजादी को बचाए रखने में कामयाब होंगे।उल्लेखनीय है कि रूस से जारी युद्ध के बीच यूक्रेन को अंतरराष्ट्रीय समर्थन मिलना जारी है। अलग-अलग देशों के राष्ट्राध्यक्ष यूक्रेन की राजधानी कीव का दौरा कर चुके हैं।

## व्हाइट हाउस के 200 साल के इतिहास में 19वीं शादी, बाइडन की पोती नाओमी बनीं दुल्हन

**वाशिंगटन।** अमेरिका का व्हाइट हाउस 200 साल के इतिहास में उन्नीसवीं शादी का गवाह बना। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की पोती नाओमी बाइडन ने अपने मंगेतर पीटर नील से शादी रचाई। नाओमी वकील और पीटर राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए काम कर रहे जार्जटाउन यूनिवर्सिटी ला सेंटर में अपनी सेवा दे रहे हैं। वर-वधू की इच्छा पर इस शादी समारोह से मीडिया को दूर रखा गया। नाओमी अपने मंगेतर से तीन साल बड़ी हैं। उनकी उम्र 28 और पीटर नील की उम्र 25 साल है।

व्हाइट हाउस में सबसे पहली शादी 1812 में हुई थी। उस समय तत्कालीन प्रथम महिला डाली मैडिसन की बहन ने सुप्रीम कोर्ट



के एसोसिएट जज से शादी की थी। 1971 में रिचर्ड निक्सन की बेटी ट्रिशिया और 1967 में लिंडन जॉनसन की बेटी लिंडा की शादी भी व्हाइट हाउस से हुई थी। नाओमी राष्ट्रपति बाइडन के बेटे हंटर और उनकी पहली पत्नी कैथलीन बुहले की बेटी हैं। राष्ट्रपति की पत्नी जिल बाइडन की संचार निदेशक एलिजाबेथ अलेक्जेंडर ने कहा कि इस शादी की गतिविधियों पर हुए खर्च का भुगतान बाइडन परिवार करेगा। व्हाइट हाउस में होने वाली शादियों की यही परपंरा रही है। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरिन ज्यां पियरे ने कहा शादी करने वाले जोड़ी की इच्छा पर मीडिया को इस कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किया गया। राष्ट्रपति के मुख्य प्रवक्ता ने कहा था कि नाओमी बाइडेन और पीटर की शादी एक पारिवारिक कार्यक्रम है। इस वजह से मीडिया को इस शादी के लिए आमंत्रित नहीं किया गया।

## नेपाल की राष्ट्रपति भंडारी ने मतदाताओं से चुनाव में उत्साहपूर्ण भागीदारी का आह्वान किया

**काठमांडू।** नेपाल में होने वाले राष्ट्रीय और प्रांतीय चुनाव से ठीक पहले राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने मतदाताओं से चुनाव में उत्साहपूर्ण भागीदारी का आह्वान किया। नेपाल में संघीय संसद के 275 सदस्यों और सात प्रांतीय विधानसभाओं की 550 सीट के लिए चुनाव होने हैं। चुनाव की पूर्व संध्या पर एक संदेश जारी करते हुए भंडारी ने मतदाताओं से देश भर में एक ही चरण में होने वाले प्रतिनिधि सभा और प्रांतीय विधानसभाओं के चुनावों में उत्साहपूर्वक भाग लेने का आग्रह किया।भंडारी ने विश्वास जताया कि स्वतंत्र, निष्पक्ष, निडर तरीके से आयोजित आम चुनावों के माध्यम से लोकतांत्रिक व्यवस्था धीरे-धीरे लोगों के प्रति और अधिक उत्तरदायी बनेगी। नेपाल के सात प्रांतों में 1.79 करोड़ से अधिक लोग मतदानके पात्र हैं। मतदान स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजे शुरू होगा और शाम पांच बजे समाप्त होगा। संघीय संसद के कुल 275 सदस्यों में से 165 का चुनाव प्रत्यक्ष मतदान के माध्यम से होगा जबकि शेष 110 को 'आनुपातिक चुनाव प्रणाली' के माध्यम से चुना जाएगा। इसी तरह प्रांतीय विधानसभा के कुल 550 सदस्यों में से 330 का चुनाव प्रत्यक्ष जबकि 220 का चुनाव आनुपातिक प्रणाली से होगा। मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद मतों की गिनती शुरू हो जाएगी लेकिन अंतिम परिणाम आने में कुछ दिन लग सकते हैं।

## एपेक शिखर सम्मेलन में कमला हैरिस ने की शी जिनपिंग से मुलाकात

**बैंकॉक।** दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं चीन और अमेरिका के बीच बातचीत का रास्ता खुला रखने की दिशा में एक और कदम उठाते हुए अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से बातचीत की।

हैरिस और शी ने बैंकॉक में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) मंच के शिखर सम्मेलन में बंद कमरे में अपने विचार एक-दूसरे के समक्ष रखे। हैरिस ने ट्वीट में कहा है कि मैंने राष्ट्रपति शी का अभिवादन किया। मैंने राष्ट्रपति बाइडन के उस बयान का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने राष्ट्रपति शी के साथ 14 नवम्बर की अपनी मुलाकात के दौरान जोर देते हुए कहा था कि हमें दोनों देशों के बीच प्रतिस्पर्धा के जिम्मेदाराना प्रबंधन के लिए बातचीत का रास्ता खुला रखना चाहिए। चीन के विदेश मंत्रालय के संक्षिप्त बयान में इंडोनेशिया के बाली में जी-20 शिखर सम्मेलन में बाइडन-शी की बैठक का भी संदर्भ दिया गया है। चीन ने पारस्परिक संबंधों को आगे बढ़ाने



के लिए रणनीतिक और रचनात्मक करार दिया है।

हैरिस ने बाद में एपेक की अध्यक्षता अमेरिका को सौंपे जाने से संबंधित समारोह में हिस्सा लिया। अमेरिका अगले साल समूह की बैठकों की मेजबानी करेगा। एपेक 2023 की मेजबानी के लिए कैलिफोर्निया तैयार है।एपेक बैठक के बाद हैरिस ने थाई प्रधानमंत्री प्रयुथ चान-ओचा से भी मुलाकात की।

## संयुक्त राष्ट्र जलवायु वार्ता में ऐतिहासिक मुआवजा निधि को मंजूरी

**शर्म अल शेख।** मिस्र के शर्म अल शेख में अंतरराष्ट्रीय जलवायु सम्मेलन में शामिल वार्ताकारों ने रविवार तड़के उस ऐतिहासिक सौदे को मंजूरी दे दी, जिसके तहत विकसित देशों के कार्बन प्रदूषण के कारण पैदा हुई मौसम संबंधी प्रतिकूल परिस्थितियों से प्रभावित हुए अल्प विकसित देशों को मुआवजा देने के लिए एक निधि तैयार की जाएगी, लेकिन उत्सर्जन में कमी के प्रयासों को लेकर मतभेद के कारण एक समग्र वृहद समझौता अब भी अटका हुआ है।

निधि को मंजूरी देने के फैसले के बाद वार्ता को 30 मिनट तक रोका गया, ताकि विभिन्न देशों के प्रतिनिधि उन अन्य कदमों का पाठ पढ़ सकें, जिन पर उन्हें मतदान करना है। कोष स्थापित करना उन अल्प विकसित देशों के लिए एक बड़ी जीत है, जो जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने के लिए लंबे समय से नकदी की मांग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि जलवायु परिवर्तन से संबंधित आपदाओं का सामना कर रहे गरीब देश अमीर देशों से जलवायु अनुकूलन के लिए धन देने की मांग कर रहे हैं।

गरीब देशों का मानना है कि अमीर देश जो कार्बन उत्सर्जन कर रहे हैं, उसके चलते मौसम संबंधी हालात बदतर हुए हैं, इसलिए उन्हें मुआवजा दिया जाना चाहिए। दुनिया के गरीब देशों के लिए अकसर आवाज उठाने वाली पाकिस्तान की जलवायु मंत्री शेरी रहमान ने कहा, ''इस तरह हमारी 30 साल की यात्रा आखिरकार आज सफल हुई है।'' उनके देश का एक तिहाई हिस्सा इस गर्मी में विनाशकारी बाढ़ से प्रभावित हुआ था। मालदीव के पर्यावरण मंत्री अमिनाथ शौना ने शनिवार को 'द एसोसिएटेड प्रेस' (एपी) से कहा, ''इसका मतलब है कि हमारे जैसे देशों के लिए हमारे पास ऐसे समाधान होंगे जिनकी हम वकालत करते रहे हैं।'' पर्यावरणीय थिंक टैंक 'वर्ल्ड रिसोर्सेज इंस्टिट्यूट' के अध्यक्ष एनी दासगुप्ता ने कहा, ''यह क्षतिपूर्ति निधि उन गरीब परिवारों के लिए एक जीवनरेखा होगी, जिनके मकान नष्ट हो गए हैं, जिन किसानों के खेत बर्बाद हो गए हैं और जिन द्वीपों के लोगों को अपने पुश्तैनी मकान छोड़कर जाने को मजबूर होना पड़ा है।'' दासगुप्ता ने कहा, ''सीओपी27 का यह सकारात्मक परिणाम कमजोर देशों के बीच विश्वास के पुनर्निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।'' वार्ता के अंतिम सत्र में पिछले साल के समझौते को बदलने के भारत के अनुरोध पर देशों में मतभेद देखा गया। इस समझौते के तहत तेल और प्राकृतिक गैस के उपयोग को कम करने के लिए ''कोयले के असंतुलित इस्तेमाल'' को चरणबद्ध तरीके से कम करने की बात की गई। यूरोपीय राष्ट्र और अन्य देश समझौतों की इसी को बनाए रखने पर जोर दे रहे हैं, लेकिन सऊदी अरब, रूस और नाइजीरिया इसे हटाने पर जोर दे रहे है।

## यूक्रेन से युद्धः रूस के तिमोवस्कॉय शहर पर हमला, विस्फोट में चार बच्चों समेत नौ की मौत

**मॉस्को।** यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध का नौवां महीना भयावह होता जा रहा है। यूक्रेन के कई शहर तबाह होने के बाद अब रूस के तिमोवस्कॉय शहर पर जोरदार हमला किया गया। जबर्दस्त विस्फोट में चार बच्चों सहित नौ लोगों की मौत हो गयी और कई लोग घायल हो गए।

रूस ने यूक्रेन पर इस वर्ष 24 फरवरी को हमला किया था। रूस नौ माह से रूस और यूक्रेन लगातार एक दूसरे पर बमबारी




कर रहे हैं। इसके परिणाम स्वरूप यूक्रेन के कई शहर तबाह हो चुके हैं। रूस को भी इस युद्ध की भारी कीमत चुकानी पड़ी है। रूस के सुदूर पूर्वी सखालिन द्वीप पर स्थित तिमोवस्कॉय शहर में जोरदार हमला किया गया। यहां एक पांच मंजिला इमारत को निशाना बनाया गया था। सुबह लगभग पांच बजे इस इमारत में अत्यधिक शक्तिशाली विस्फोट किया गया। इस विस्फोट में नौ लोगों की मौत हो गयी। बड़ी संख्या में लोग घायल हुए हैं। मरने वालों में चार बच्चे भी हैं। घायलों में कई लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। जापान के उत्तर में प्रशांत महासागर के सखालिन द्वीप के तिमोवस्कॉय शहर की इस इमारत में विस्फोट के समय 33 लोग मौजूद थे। रूस की सरकार ने घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को दस लाख रूबल और घर गंवाने वालों को पांच लाख रूबल आर्थिक सहायता मुहैया कराने की घोषणा की है।

## उत्तर कोरिया के शासक किम जोंग उन ने अमेरिका को दी परमाणु हमले की धमकी

**प्योंग्यांग।** उत्तर कोरिया के सैन्य शासक किम जोंग उन को कोरियाई प्रायद्वीप में अमेरिकी हस्तक्षेप रास नहीं आ रहा है। अमेरिकी चेतावनी को ठेंगा दिखा कर बैलिस्टिक मिसाइल का प्रक्षेपण करने वाले उत्तर कोरिया के शासक किम जोंग उन ने अब अमेरिका को परमाणु हमले की धमकी दी है।

उत्तर कोरिया पिछले कुछ दिनों से लगातार बैलेस्टिक मिसाइल दाग रहा है। अब तक दक्षिण कोरिया की ओर तो मिसाइलें दागी ही जाती थीं, पिछले दिनों जापान की ओर भी एक मिसाइल दागे जाने का मामला सामने आया था। इसके बाद अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने दक्षिण कोरियाई और जापानी समकक्षों के साथ त्रिपक्षीय सम्मेलन किया था। इस सम्मेलन में अमेरिका ने दक्षिण कोरिया व जापान की सुरक्षा को लेकर न सिर्फ दृढ़ प्रतिबद्धता जताई थी, बल्कि जवाब में उत्तर कोरिया के खिलाफ कड़ी सैन्य कार्रवाई शुरू करने की



धमकी भी दी थी। बाइडेन ने एटमी हथियारों समेत अन्य सभी सैन्य उपायों के जरिये दक्षिण कोरिया और जापान की रक्षा की अमेरिकी प्रतिबद्धता को दोहराया था। अमेरिकी धमकी के बाद उत्तर कोरिया ने अपने पूर्वी समुद्री तट की ओर एक बैलेस्टिक मिसाइल दागकर अमेरिका को चुनौती दी। इसके बाद उत्तर कोरिया के सैन्य शासक किम जोंग उन स्वयं इस परमाणु परीक्षण का निरीक्षण करने गए। निरीक्षण के बाद किम जोंग उन ने अमेरिका व उसके सहयोगी देशों को परमाणु हमले की धमकी दे डाली। उन्होंने कहा कि उत्तर कोरिया, अपने ऊपर आए किसी खतरे का जवाब परमाणु हथियारों से देगा। किम जोंग उन ने कहा कि प्योंग्यांग परमाणु हथियारों का परमाणु हथियारों से और पूर्ण सैन्य टकराव का उसी तरह से जवाब देगा। अपनी बेटी और पत्नी के साथ मिसाइल परीक्षण स्थल पर पहुंचे उत्तर कोरिया के प्रमुख किम जोंग ने कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगियों की शत्रुतापूर्ण नीति को देखते हुए वे अपने देश की सुरक्षा के लिए परमाणु प्रतिरोध मजबूत करने को मजबूर हुए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि दुश्मन धमकी देना जारी रखते हैं, तो उनकी सरकार उसी अंदाज में जवाब देकर परमाणु हथियारों का प्रयोग करने से पीछे नहीं हटेगी। इस बीच उत्तर कोरिया ने अपने मिसाइल परीक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता वाली रक्षा तैयारी की रणनीति का हिस्सा करार दिया है। दावा किया गया कि प्रक्षेपित मिसाइल दुनिया में सबसे मजबूत सामरिक हथियार है। मिसाइल ने करीब 69 मिनट में करीब 1,000 किलोमीटर की उड़ान भरी और 6,041 किलोमीटर की अधिकतम ऊंचाई तक पहुंची। यह करीब 15,000 किलोमीटर तक मार कर सकती है। इसकी जद में अमेरिका के भी आने का दावा किया गया है।

## पाकिस्तान सरकार में नये सेना प्रमुख की नियुक्ति को लेकर मतभेद बढ़ा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के नये सेना प्रमुख की नियुक्ति को लेकर सरकार में मतभेद बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं क्योंकि सत्तारूढ़ गठबंधन के शीर्ष नेताओं ने इस प्रमुख मुद्दे पर विरोधाभासी बयान दिये हैं। सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा 29 नवंबर को सेवानिवृत्त होने वाले हैं और उनके उत्तराधिकारी की नियुक्ति एक प्रशासनिक विषय है। कानून के तहत, मौजूदा प्रधानमंत्री को शीर्ष तीन सितारा जनरलों में से किसी एक का चयन करने का अधिकार है। खबर के अनुसार प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने नये सेना प्रमुख की नियुक्ति को लेकर अपने सरकारी सहयोगियों के साथ शुक्रवार को विचार-विमर्श शुरू कर दिया।रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने खुलासा किया कि मंगलवार या बुधवार तक नये सेना प्रमुख के नाम की घोषणा की जाएगी। वहीं, दूसरी ओर गृह मंत्री राणा सनाउल्ला ने कहा कि विचार-विमर्श पूरा हो चुका है और एक या दो दिन में नये सेना प्रमुख की नियुक्ति कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी तरह की देरी 'उचित' नहीं होगी। एक अन्य महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के नेता आसिफ अली जरदारी ने कहा कि उनकी पार्टी सेना के लिए पदोन्नति प्रणाली में विश्वास करती है और सैन्य प्रमुख की नियुक्ति का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए, अन्यथा इससे संस्था को नुकसान पहुंच सकता है। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा, ''सभी तीन सितारा जनरल सेना प्रमुख का पदभार संभालने के लिए समान रूप से योग्य और सक्षम हैं।''

पीपीपी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) की शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार में सबसे बड़ी सहयोगी है। 'डॉन' की खबर में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि कोविड-19 से संक्रमित पाये जाने के बाद इस समय पृथकवास में रह रहे प्रधानमंत्री शरीफ ने सेना प्रमुख की नियुक्ति पर पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान से भी बात की है। नेताओं के बीच औपचारिक मुलाकात होने की उम्मीद है।

रक्षा मंत्री आसिफ ने बताया कि नये सेना प्रमुख की नियुक्ति की कागजी कार्रवाई सोमवार से शुरू हो जाएगी और नियुक्ति मंगलवार या बुधवार को की जाएगी। नये सेना प्रमुख को पदभार सौंपने से संबंधित कार्यक्रम 29 नवंबर को होगा। नियमों के अनुसार, सेना प्रमुख के पद के लिए संभावित नामों को एक पैनल प्रस्तावित करता है और नियुक्ति करने के लिए रक्षा मंत्रालय के माध्यम से प्रधानमंत्री को एक विवरण भेजा जाता है।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक स्वामी श्री योगी सत्यम्

Title UPHIN 29506

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।